हरिभूमि
रायपुर भूमि

- पिंदर का पिता एक दशक पूर्व पंजाब से रायपुर आया था
- चाल-चलन देख समाज के लोगों ने परिवार से बना ली है दूरी



## पंजाब के तस्करों की मदद से पाकिस्तान से लिंक

पंजाब जाने के बाद पिंदर वहां के लोकल ड्रग तस्करों के संपर्क में आया। लोकल ड्रग तस्करों के संपर्क में आने के बाद पिंदर ने अपने साथ लवजीत को जोड़ा। इसके बाद पिंदर का पाकिस्तान के ड्रग तस्करों से संपर्क हुआ। पाकिस्तान से प्रति ग्राम डेढ़ से दो हजार रुपए कीमत पर ड्रग मंगाकर उसने अपने कारोबार को छत्तीसगढ़ में फैलाने का काम किया। कोविड के समय पिंदर द्वारा बड़े पैमाने पर छत्तीसगढ़ में ड्रग खपाने की जानकारी मिली है।

# चाल-चलन देख एक्स आर्मी मैन ने बेटे को कर दिया था बेदखल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पाकिस्तान से कनेक्शन रख कर ड्रग तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार पिंदर का पिता एक एक्स आर्मी मैन है। पिंदर का पिता एक दशक पूर्व से रायपुर में आकर रह रहा है। रायपुर आने के बाद वह यहां ट्रांसपोर्टिंग का काम करने लगा। इसके बाद पिंदर का पिता एक बैंक में सिक्यूरिटी गार्ड के रूप में काम कर रहा है। पिंदर का चाल चलन को देख पिता ने उसे बेदखल कर दिया है। ⏭ शेष पेज 17 पर

### विरोध करने पर विवाद करता था

पिंदर का पिता पाकिस्तान बार्डर पर कारगिल में तैनात रहा है। पिंदर के ड्रग कारोबार करने की जानकारी मिलने पर उसे उसके पिता ने फटकार लगाई। इसके बाद वह अपने पिता के साथ ही विवाद करने लगा। फटकार लगाने पर मां अपने बेटे का बचाव करती थी। बेटे की हरकत तथा मां के द्वारा उसके बचाव किए जाने से परेशान पिंदर को बेदखल कर दिया। बेटे को बेदखल किए जाने का विरोध करने पर पिंदर के पिता ने उसकी मां को भी बेदखल कर दिया।

### पाक-साफ बताने पुलिस को दी ड्रग तस्करों की जानकारी

पिंदर के बारे में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक उसने रायपुर में ड्रग का कारोबार फैलाने के पूर्व लोकल स्तर पर जितने ड्रग तस्कर थे, उन लोगों ⏭ शेष पेज 17 पर

प्रवेश तिथि समाप्त होने के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषित किए थे पूरक परिणाम

# 16 हजार छात्रों सहित रविवि को राहत कॉलेजों में दाखिले अब 5 सितंबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक आदेश के बाद प्रदेश के 16 हजार हजार छात्रों सहित रविवि को भी राहत मिल गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी कर महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय अध्ययन शालाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। आदेश के मुताबिक अब सीटें रिक्त होने की स्थिति में विद्यार्थियों को 5 सितंबर तक प्रवेश दिया जा सकेगा। इस आदेश के बाद 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को राहत मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूरक परीक्षाओं के परिणाम 19 अगस्त को जारी किए गए थे, जबकि महाविद्यालयों में प्रवेश 14 अगस्त को ही बंद हो गए थे। 12वीं की पूरक परीक्षाओं में 16 हजार छात्र उत्तीर्ण हुए थे, जो तिथि बीत जाने के कारण किसी महाविद्यालय में प्रवेश लेने में असमर्थ थे। हरिभूमि ने इन छात्रों की समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया था। रविवि ने भी महाविद्यालयों में रिक्त रह गई सीटों को देखते हुए प्रवेश तिथि बढ़ाने उच्च शिक्षा विभाग को खत लिखा था। आदेश के बाद अब विद्यार्थियों को एक अन्य अवसर मिल सकेगा।

### रिक्त सीटों को देखते हुए रविवि ने भी तिथि बढ़ाने लिखा था खत

खबर का असर



यूजी की 39% और पीजी की 45% सीटें खाली इन्हें भरने रविवि ने मांगी 20 दिनों की मोहलत

### जानकारी अपडेट करने मिलेंगे 5 दिन

विवि द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कॉलेजों में सीट रिक्त होने की स्थिति में 5 सितंबर तक संस्थान अपने स्तर पर प्रवेश दे सकते हैं। ऐसे छात्र, जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन नहीं भरा है उन्हें भी ऑफलाइन आवेदन के आधार पर प्रवेश दिया जा सकेगा। जिन विद्यार्थियों को ऑफलाइन प्रवेश दिया जाएगा, उनकी जानकारी 10 सितंबर तक निर्धारित पोर्टल में अपडेट करनी होगी।

### बगैर परीक्षा दाखिला

रविवि अध्ययनशाला में संचालित स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिले होते हैं। रविवि ने मई-जून में ही इसके लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की थी। निर्धारित समय से पूर्व प्रयास किए जाने के बाद ⏭ शेष पेज 17 पर








छत्तीसगढ़ औद्योगिक नगर को देश का अग्रणी
औद्योगिक राज्य बनाने हेतु संकल्पित डबल इंजन की सरकार में
विष्णु के सुशासन में निवेश का हब बन रहा छत्तीसगढ़
प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय
श्री विष्णुदेव साय जी
के सफल जापान एवं दक्षिण कोरिया प्रवास उपरांत
छत्तीसगढ़ आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन !
विकसित व्यापार का
आधार- चेम्बर परिवार
श्री श्रीचंद सुन्दरानी जी
अध्यक्ष एकता पैनल
भूत पूर्व विधायक, रायपुर उत्तर
श्री बलदेव भाटिया जी
श्री चेतन तारवानी जी
श्री निकेश बरड़िया जी
प्रदेश कोसाअध्यक्ष
श्री सतीश थौरानी जी
प्रदेश अध्यक्ष
श्री अजय भसीन जी
प्रदेश अध्यक्ष
श्री ललित जैसिंघ जी
कार्यकारी अध्यक्ष
श्री राजेश वासवानी जी
कार्यकारी अध्यक्ष
श्री राधा किशन सुन्दरानी जी
जसप्रीत सिंह सलूजा
श्री विनय बजाज जी
श्री महेंद्र आहूजा जी
श्री संतोष लोहाना जी
श्री विनोद तलरेजा जी
श्री कमल सोनी जी
श्री दिलीप इसरानी जी
श्री गोविन्द वाधवानी जी
श्री राजू तारवानी जी
श्री हरिराम तलरेजा जी
श्री वासु जोतवानी जी
श्री जीतू शादिजा जी
श्री लखविंदर सिंह भुई जी
श्री लोकेश चंद्रकांत जैन जी
श्री भरत पमनानी जी
श्री भरत प्रधनानी जी
श्री राजेश थौरानी जी
श्री मयूर थौरानी जी
श्री आकाश धावना जी
श्री वासिम खेमानी जी
Khanna
छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

## खबर संक्षेप

### तीज मनाने गई व्याख्याता घर से लाखों की चोरी

रायपुर। डीडीनगर थाने में बिंदा सोनकर स्कूल की व्याख्याता ने अज्ञात चोर के खिलाफ घर के मेन गेट का ताला तोड़कर पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डगनिया बमलेश्वरी चौक निवासी तारिणी वर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। तारिणी ने पुलिस को बताया कि वह 26 अगस्त को तीज मनाने धरसींवा मोहदी गई थी। गुरुवार रात वापस आने पर तारिणी ने देखा कि अज्ञात चोर मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर कमरे के अंदर सारे सामान बिखेरकर आलमारी तथा दीवान के अंदर रखे जेवर, नकदी पर हाथ साफ कर गया है।

### प्रतिबंधित हुक्का सामग्री बरामद, युवक गिरफ्तार

रायपुर। गंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को प्रतिबंधित हुक्का सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सिविल



लाइंस राजेंद्र नगर निवासी गयासुद्दीन लश्कर को प्रतिबंधित हुक्का सामग्री के साथ पकड़ा है। गयासुद्दीन के कब्जे से पुलिस ने चार-चार नग हुक्का पाट, हुक्का पाइप, चिलम्स तथा एक-एक नग चिमटा छोटा, छोटे हीटर के अलावा दो डिब्बे एल. अकबर ब्रांड का कोकोनट कोल, एक नग डिब्बा व्हाइट रोज ब्रांड का तंबाकू, 12 नग हुक्का पाइप जब्त किया है।

# 108 का टेंडर फिर विवादों में, बयाना 50 लाख से 10 करोड़! छोटी कंपनियां बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डायल 108 के लिए सीजीएमएससी द्वारा जारी किए गए टेंडर पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। 2 माह पूर्व जहां विभाग द्वारा आरोप लगने के बाद टेंडर को निरस्त करना पड़ा था वहीं एक बार फिर से जारी नए टेंडर पर विवाद खड़ा हो गया है। डायल 108 के टेंडर और विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर इस बार प्रधानमंत्री कार्यालय में भी शिकायत की गई है। जनसेवा मोर्चा संस्था ने अपनी शिकायत में इस बात का उल्लेख किया है कि सीजीएमएससी



चहेती कंपनी के अनुरूप निविदा बनाने का आरोप
जनसेवा मोर्चा संस्था ने पीएमओ में की शिकायत

द्वारा अपनी किसी खास कंपनी को काम सौंपने के लिए टेंडर को उनके अनुरूप बनाया गया है। आरोप है कि द्वितीय चरण में आमंत्रित निविदा में संशोधन केवल उन्हीं बिंदुओं पर किए गए, जिनसे एक खास संस्था को सीधा लाभ मिले जबकि अन्य सुझावों को सिरे से नकार दिया गया। नए नियम पूर्ववर्ती 2019 के टेंडर दस्तावेजों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशा-निर्देशों से स्पष्ट रूप से भिन्न है। इसके कारण तकनीकी रूप से सक्षम, लेकिन सीमित संसाधनों वाले छोटे संगठन नए नियम-शर्तों के कारण टेंडर से बाहर हो गए हैं।

### बदले गए तकनीकी मापदंड

टेंडर में ऐसे तकनीकी मूल्यांकन मापदंड शामिल किए गए हैं, जो स्पष्ट रूप से एक संस्था को लाभ देने के लिए निर्मित किए गए प्रतीत होते हैं। विभाग पर आरोप लग रहे हैं कि निविदा में 10 करोड़ की ईएमडी अर्थात अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट तय किए जाने के कारण छोटी कंपनियां दौड़ से ही बाहर हो गई है। 2019 में यही राशि 50 लाख थी। इतनी अधिक राशि ईएमडी के रूप में मांगे जाने से छोटे व मध्यम बोलीदाता टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा ही नहीं ले पाएंगे। ऐसे बोलीदाता, जिनका वार्षिक टर्नओवर सलाना कुछ करोड़ के आसपास है, वे प्रत्येक निविदा में 10 करोड़ की राशि अनिश्चित काल के लिए कैसे जमा कर सकते हैं?

त्योहारी सीजन में ट्रेनों की बढ़ी डिमांड, जिस रूट में बुकिंग का दबाव अधिक वहां स्पेशल ट्रेन का परिचालन

# त्योहारी भीड़ संभालेंगी स्पेशल ट्रेन, पटना बेंगलुरु, सूरत और दिल्ली के लिए सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ ही ट्रेनों में बुकिंग तेज हो गई है। दशहरा, दीपावली और छठ जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए ट्रेनों में अभी से नो-रूम की स्थिति बन रही है। खासकर पटना जाने वाली ट्रेनों में सीटों की मारामारी अधिक है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे लगातार उन रूट्स पर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर रहा है, जहां बुकिंग का दबाव ज्यादा है। रायपुर से दिल्ली, पटना, बेंगलुरु और सूरत के लिए भी स्पेशल ट्रेनें घोषित की जा चुकी हैं। बता दें कि बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने ⏭शेष पेज 17 पर

हरिभूमि सरोकार

**बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने इस बार 12,000 से अधिक ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई है**

### वेबसाइट पर उपलब्ध है स्पेशल ट्रेनों की जानकारी

स्पेशल ट्रेनों की सूची, समय सारणी, रूट और ठहराव की विस्तृत जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, आईआरसीटीसी और नजदीकी रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध है। इन विशेष ट्रेनों में यात्रा करने के लिए अग्रिम बुकिंग कराएं और अपने टिकट की पुष्टि सुनिश्चित कर सकते हैं।



### इतवारी- शालीमार के बीच दुर्गा पूजा स्पेशल ट्रेन

दुर्गा पूजा पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) और शालीमार के बीच दुर्गा पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह सेवा कुल 5 फेरों के लिए उपलब्ध होगी। 08865 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)–शालीमार पूजा स्पेशल ट्रेन 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक इतवारी से चलेगी। 08866 शालीमार–इतवारी पूजा स्पेशल ट्रेन 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक शालीमार से रवाना होगी।

### कन्फर्म बर्थ सुविधा के लिए पटना–चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने पटना–चर्लपल्ली–पटना स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया है। अब यह ट्रेन 2 जनवरी 2026 तक चलेगी। गाड़ी संख्या 03253 पटना–चर्लपल्ली द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, जो पहले 29 सितंबर तक ही चलनी थी, अब 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक प्रत्येक सोमवार और बुधवार को पटना से रवाना होगी और कुल 27 फेरे पूरे करेगी। इसी तरह, विपरीत दिशा में गाड़ी संख्या 07255/07256 चर्लपल्ली–पटना स्पेशल ट्रेन, जो पहले 1 अक्टूबर 2025 तक ही चल रही थी, अब 3 अक्टूबर से 2 जनवरी 2026 तक प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को चर्लपल्ली से संचालित होगी और यह भी 27 फेरे पूरे करेगी।

# स्कूली छात्रों को नशा से दूर रखने कवायद, प्राचार्यों को भी मिलेंगे टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्कूली छात्रों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए अब विशेष अभियान चलाए जाने की तैयारी है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मिलकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहे हैं। दोनों संस्थानों के मध्य इसे लेकर विशेष अनुबंध होगा। समझौते के तहत सीबीएसई और एनसीबी संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं और परामर्श सत्र आयोजित करेंगे। इनका उद्देश्य शिक्षकों, परामर्शदाताओं और छात्रों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित ⏭शेष पेज 17 पर

- स्वस्थ जीवनशैली के लिए विद्यार्थियों को करेंगे प्रेरित

### 3 सितंबर से पहले करना होगा आवेदन

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक फॉर्म भरना जरूरी है। इसमें एंट्री निशुल्क होगी। कार्यक्रम 3 सितंबर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित होगा। इसमें शामिल होने के लिए स्कूलों के प्राचार्य और काउंसलर्स को दिए गए लिंक पर जाकर उपलब्ध फॉर्म को भरना होगा। सीमित सीटों के कारण पंजीकरण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा और चयनित प्रतिभागियों को ईमेल से पुष्टि भेजी जाएगी। सीबीएसई के अनुसार, यह कार्यक्रम देशभर के स्कूलों में नशे के खिलाफ जागरूकता को मजबूत करने और छात्रों को सकारात्मक भविष्य की ओर प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाएगा। प्राचार्यों को टिप्स देने के साथ ही भविष्य में भी इस दिशा में अन्य रचनात्मक प्रयास किए जाएंगे।



## खबर संक्षेप

### संकरी में डोरी लोक कला का मंचन आज

**चंदखुरी।** ग्राम संकरी( जावा)में श्री अष्टविनायक गणेशोत्सव समिति द्वारा 30 अगस्त को बजरंग चौक, संकरी ( जावा) में पिरित के डोरी लोक कला मंच (खलारी महासमुंद) का मंचन होगा। ग्रामीणों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह चरम पर है। आयोजन समिति ने बताया कि यह मंचन जहां श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है, वहीं क्षेत्रीय कला-संस्कृति को संरक्षित करने का माध्यम भी है। समिति ने समस्त ग्रामवासियों, भक्तों और कला-प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

### ग्राम पहंदा में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**अभनपुर।** नवयुवक समिति व ग्रामवासी के सहयोग से तीजा,पोला व गणेश चतुर्थी के अवसर पर ग्राम पाहंदा मे एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 30 अगस्त को रखा गया है। एस कुमार साहू ने बताया कि प्रतियोगिता मे विजेता चार टीमो को नगद राशि व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियो को भी नगद राशि व स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया जायेगा।

### जन्माष्टमी पर हुई विविध स्पर्धाएं

अभनपुर। यादव ठेठवार समाज भेलवाडीह परिक्षेत्र मे कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य मे 31 अगस्त दिन रविवार को राधाकृष्ण मंदिर बंजारी धाम कुरूं मे सत्यनारायण भगवान की पूजा, खुर्सी दौड़, मटका फोड़ प्रतियोगिता एवं बुजुर्गो व प्रतिभावान छात्र छात्राओ का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। अध्यक्ष उधोराम यादव ने बताया कि कार्यक्रम मे श्री कृष्ण राउत नाचा सेमरा चंपारण की विशेष प्रस्तुति होगी।

### आत्मानंद स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

**धरसींवा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुँरा में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने उत्साह के साथ सहभागिता दी। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस को बच्चों के ख़ूब उत्साह से मनाया। सर्वांगीण विकास में खेल की भी अहम भूमिका है बच्चों में अपार संभावनाएं हैं अवसर मिले तो खेल जगत में देश का नाम रोशन करेंगे। खेल खेल में बच्चे गणित के कई कांसेप्ट को बड़ी आसानी से सीख जाते हैं।

### मंत्री खुशवंत गुरु का हुआ भव्य स्वागत

**चंदखुरी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी ने अपने मंत्रिमंडल का गठन करते हुए आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब को कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया है। उन्हें राज्य के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विभाग — कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार और अनुसूचित जाति विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद रविवार को पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र आगमन पर आरंग में मंत्री का अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। नगर में प्रवेश करते ही भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर किसान नेता गोविंद साहू, पूर्व सभापति जनपद पंचायत आरंग एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा, पूर्व सरपंच अकोली खुर्द सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया।

## निधन

### महेश्वर प्रसाद पांडेय



**आरंग।** ग्राम बड़गांव निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक व ग्राम बड़गांव, नगपुरा तथा जुगेसर के ग्राम पुरोहित महेश्वर प्रसाद पाण्डेय (83) का बीते गुरुवार की रात निधन हो गया। वे रत्ना देवी पांडेय के पति, विष्णु प्रसाद, जितेन्द्र व युगल किशोर के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को पूर्वाह्न बड़गांव मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# कुर्रा में फ्लाई ऐश डंपिंग से कई गांवों का जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

ग्राम कुर्रा में अवैध प्लाई ऐश डंपिंग का मामला सामने आया है खौना से कुर्रा बंगोली मार्ग से लगा हुआ जो पटपर के नाम से जाना जाता है वहीं बंद पड़े चुना पत्थर खदान में शासकीय नियमो को ताड़ ताड़ करते हुए बिना ग्रामसभा प्रस्ताव , बिना खनिज विभाग, पर्यावरण एवं राजस्व विभाग के अनुमति के बगैर शासन प्रशासन के नियमो को टाक पे रखते हुए ट्रांसपोर्टर द्वारा अवैध तरीके से डंपिंग किया जा रहा है। हद तो तब हो गया जब उनके द्वारा धड़ल्ले से दादागिरी करते हुए हाइवा एवं जेसीबी चलाकर एक बरगद का पेड़ को तोड़ दिया ,उसके ऊपर प्लाई ऐश से डंपिंग कर खदान को पटिन का कार्य किया जा रहा है । अब बारिश दिनो में गांव निवासी प्लाई ऐश से हो रहे कीचड़ से परेशान है उससे उसके रोजमर्रा के जिंदगी के आवागमन में कभी भी रोड से स्लिप होकर दुर्घटना होने की सम्भावना बना हुआ है ।

## फ्लाई ऐश से कुर्रा, खौना, अमलीडीह वासियों का जनजीवन बदहाल

### डंपिंग की अनुमति मिली है

*ट्रांसपोर्ट राजकुमार ठाकुर का बताया मुझे पूर्व सरपंच द्वारा खदान पटिग करने का प्रस्ताव दिया गया था जिससे मैं कलेक्टर, पर्यावरण, तहसीलदार, खनिज विभाग से अनुमति मिल गया जिसके बुनियाद पर मैं प्लाई ऐश से खदान पटिग किया जा रहा हूं।इस बात गांव वालों को पता नहीं है कि खदान को पटिग का अनुमति मिला है न पंचायत को कलेक्टर व्दारा आदेश कापी नहीं मिला है गांव के ग्रामीणों के सचिव को पूछा गया तो बता कि प्रसाशन व्दारा को आदेश नहीं आया है।*



फाइल फोटो

### आंदोलन की चेतावनी

*ग्राम प्रमुख चंद्रहास नायक ने बताया कि इस खदान को पटिग करने की कोई बात ग्रामसभा में नहीं हुआ है और इस खदान को कोई भी हालात में नहीं पटिग किया जायेगा क्योंकि यह खदान से आप-पास के चार से पांच गांवों का निस्तारी किया जाता है और गांव में जलस्तर बना रहा है साथ हीं किसानों के लिए सिंचाई का साधन है इस बात को लेकर कलेक्टर, पर्यावरण, खनिज विभाग में आवेदन किया गया है। अगर शासन-प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा तो ग्रामीण के उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।*

### नवरात्रि के लिए दुर्गा प्रतिमाओं के निर्माण में कलाकर जुटे

**आरंग।** नवरात्र पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे गांव और शहर की चौपालें देवी माँ दुर्गा के जयकारों से गूंजने की तैयारी में हैं। इसी बीच प्रतिमा निर्माण कार्य में जुटे मूर्तिकार इन दिनों अपनी कला का बेमिसाल प्रदर्शन कर रहे हैं। मिट्टी से गढ़ी गई माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं को आकार देने में कलाकार दिन-रात एक कर मेहनत कर रहे हैं। प्रतिमा निर्माण का यह दृश्य सचमुच अद्भुत और श्रद्धा से भरा होता है। मूर्तिकार अपनी उंगलियों की नर्म छुअन से माँ के चेहरे पर मुस्कान गढ़ते हैं तो शेर के तेजस्वी रूप में शक्ति और साहस का संचार करते हैं। कारीगरों का कहना है कि जैसे-जैसे त्यौहार नजदीक आता है, वैसे-वैसे प्रतिमाओं की सजावट, रंग-रोगन और अलंकरण का कार्य अंतिम चरण में पहुँचता है। ग्राम नारा (भानसोज) मूर्तिकार नारायण धीवर के अनुसार इस बार दुर्गोत्सव में नई-नई झाँकियाँ और आकर्षक सजावट देखने को मिलेगी। मूर्तिकार ने इस बार विशेष तौर पर पर्यावरण अनुकूल (ईको-फ्रेंडली) प्रतिमाओं पर भी जोर दिया है, ताकि श्रद्धा के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश भी समाज को मिल सके।गाँव-गाँव में समितियाँ प्रतिमा स्थापना की तैयारी में जुटी हैं।

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# मंदिरहसौद शराब दुकान की शिफ्टिंग पर पार्षदों ने ली आपत्ति, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

मंदिर हसौद स्थिति राष्ट्रीय राजमार्ग नकटा मोड पर शुक्ला संस्थान में संचालित कंपोजिट शराब दुकान इंग्लिश एवं देशी के वर्तमान में स्थान परिवर्तन कर इंद्रजीत चावला सरदार जी के गोडाउन में स्थानांतरण किए जाने संबंधी प्रस्तावित स्थान परिवर्तन पर क्षेत्रीय पार्षद राकेश जायसवाल एवं अधिवक्ता अनुज मिश्रा, पार्षद राकेश मिश्रा एवं वार्डवासियों ने संयुक्त रूप से जिला कलेक्टर रायपुर एवं आबकारी उपायुक्त रायपुर को ज्ञापन देकर आपत्ति दर्ज किए है।

ज्ञापन में आपत्तिकर्ताओं ने लेख किया है कि, मंदिर हसौद राष्ट्रीय राजमार्ग नकटा मोड स्थित कंपोजिट शराब दुकान जो वर्तमान में शुक्ला जी के संस्थान/भवन में संचालित है। उक्त शराब भट्टी का स्थान परिवर्तन एवं नवीन भवन/स्थान में स्थानांतरण हेतु, कुछ दिनों पहले निविदा जारी कि गई थी,जिसका तकनीकी निविदा खोला जा चुका है एवं वित्तीय बोली खोला जाना शेष है।




फाइल फोटो

यह भी ज्ञात हुआ है कि उक्त शराब भट्टी हेतु जितने भी निविदाकर्ताओं ने भाग लिया था उसमें से सिर्फ दो निविदाकर्ता ही पात्र पाए गए है, उसमें भी सिर्फ इंदरजीत चावला का गोडाउन मुख्य मार्ग वार्ड नं 05 में स्थित होने के कारण उक्त शराब भट्टी का स्थानांतरण चावला के इस गोडाउन में किया जाना लगभग तय माना जा रहा है।

### शिफ्टिंग का विरोध

*ऐसे में आपको अवगत किया जाना आवश्यक है कि, पूर्व में भी उक्त शराब भट्टी इंदरजीत चावला के इसी राष्ट्रीय राजमार्ग वार्ड नं 05 स्थित गोडाउन में संचालित रहा है। जिसका क्षेत्रवासियों एवं महिला समूहों द्वारा लगातार विरोध एवं उग्र आंदोलन उपरांत उक्त शराब भट्टी मंदिर हसौद के नकटी मार्ग स्थित आउटर में शिफ्ट किया गया था, बाद में प्रीमियम शराब भट्टी के नाम पर एक अन्य शाखा, राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नकटा मोड पर शुक्ला के दुकान/भवन में खोला गया है, और अब इसी प्रीमियम शराब भट्टी का वर्तमान में स्थान बदले जाने हेतु निविदा जारी कर, पुनः इस शराब भट्टी को उसी स्थान पर जहां उक्त शराब भट्टी पूर्व में संचालित रही है, अर्थात चावला जी के इसी विवादित स्थान पर स्थानांतरित किए जाने पर विचार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि,श्री चावला के गोडाउन से लगा हुआ घनी आबादी क्षेत्र वार्ड नं 05 के रहवासीगण निवासरत है, उसके अलावा शासकीय अस्पताल एवं नजदीक में ही शासकीय हाइस्कूल एवं संस्कार भारती हाई प्राइवेट हाई स्कूल, तथा धान उपार्जन केन्द्र अर्थात मंडी भी स्थित है। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।*

## प्राणघातक हमले से पत्नी की हुई मौत, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर




अभनपुर थाना क्षेत्र ग्राम टोकरो निवासी मुकेश सेन ने अपनी पत्नी प्रियंका सेन के चरित्र पर शंका करते हुये 27 अगस्त को लोहे के रॉड से प्राण घातक हमला दिया जिसे गंभीर स्थिती मे सोनी मल्टी अस्पताल अभनपुर मे भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है। अभनपुर पुलिस आरोपी मुकेश सेन उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। बताया गया कि मृतिका प्रियंका सेन 27 अगस्त को ही मायके से तीजा पर्व मनाकर अपने घर टोकरो पहुंची थी रात्रि 10 बजे के करीब पति के लिए खाना निकाल रही थी इसी बीच गाली गलौच करते हुये उसे सिर मे लोहे के राड से वार कर दिया घायल स्थिती मे बच्चो की रोने की आवाज सुनकर उसके पिता ने डांटते क्यो मारपीट करते हो बोला जिस पर आरोपी ने अपने पिता के साथ ही मारपीट कर चोटे पहुंचाई आरोपी के पिता कृष्णकुमार सेन के रिपोर्ट पर अभनपुर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर धारा 109,115(2) के तहत अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने से प्रकरण मे धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई है ,आरोपी मुकेश सेन को पुलिस अभिरक्षा मे पूछताछ एवं मेमोरण्डम कथन लिया गया आरोपी द्वारा घटना मे प्रयुक्त एक लोहे की रॉड गवाहो के समक्ष जप्त किया गया है। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

### भानसोज में 5 को चिन्हारी लोक मंजीरा का मंचन

**आरंग।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाजार चौक भानसोज में श्री गणेश स्टार ग्रुप द्वारा गणेशोत्सव का पर्व बड़ी धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 29 अगस्त को जय महामाया मानस परिवार व 30 को ज्योति महिला मानस मंडली भानसोज व 31 को दाई के द्वार मानस परिवार (बन्टी गोपाल कन्हारपुरी) की प्रस्तुति के अलावा 2 सितंबर को सतनाम के मन्तर बालिका पंथी पार्टी भानसोज की प्रस्तुति व 5 सितंबर को पायल साहू एवम आकाश चन्द्राकर कृत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी लोक मंजीरा की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

## गांजा पीते दो गिरफ्तार मामला कोर्ट पर पेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

मुखबिर की सूचना पर वार्ड क्र0 15 दलाल तालाब के पास में सार्वजनिक स्थान तिल्दा तथा बगदई मंदिर के पास सरोरा में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा पी रहे है , सूचना पर नेवरा पुलिस ने अलग अलग रेड कार्यवाही कर सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा पीते वार्ड क्र0 15 तिल्दा में माना देवार उम्र 40 वर्ष तिल्दा निवासी एवं बगदई मंदिर के पास सरोरा से राकेश टंडन उम्र 24 वर्ष सांकरा निवासी को मादक पदार्थ गांजा पीते रंगे हाथ पकडकर उनके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा, माचिस, चिलम को धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया।

### गैस पाइप लीक होने से घर में लगी आग, अनहोनी टली

**धरसींवा।** धनेली गांव के एक घर में खाना पकाते समय एलपीजी गैस सिलेंडर का पाईप निकलने से घर में आग लगी जायसवाल नीको की फायर टीम ने समय रहते तेजी से आग को काबू किया। कल दोपहर 12:00 के आसपास धनेली गांव के एक घर में खाना पकाते समय एलपीजी गैस सिलेंडर का पाईप निकलने से घर में आग लगी जिससे घर के अंदर एवं आसपास के लोग बहुत डर गए थे तत्काल पास के जायसवाल नीको इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी में संपर्क किया गया तत्पश्चात तुरंत कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस के स्वेन के निर्देशन एवं मानव संसाधन विभाग के अध्यक्ष आलोक पांडे के मार्गदर्शन में फायर टीम रवाना किया गया।

## शिशु संरक्षण माह में बच्चों को विटामिन ए व आयरन सिरप की खुराक दी जाएगी

**धरसींवा।** शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिशु संरक्षण माह का विकासखंड स्तरीय शुभारंभ 29 अगस्त से किया गया, जो 30 सितम्बर तक चलेगा। इस अभियान के तहत बच्चों में कुपोषण और खून की कमी जैसी गंभीर समस्याओं को रोकने तथा शिशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं।

धरसींवा विकासखंड में इस अभियान के दौरान 20529 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक तथा 21737 बच्चों को आयरन सिरप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विटामिन-ए बच्चों की आंखों की रोशनी और समग्र विकास के लिए आवश्यक है, वहीं आयरन सिरप बच्चों में खून की कमी को रोकने तथा शरीर को सशक्त बनाने में सहायक होता है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इन दोनों पोषक तत्वों की पूर्ति से बच्चों में बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ेगी और उनका स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित होगा।

शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, जनपद सीईओ, सरपंच चरौदा, सरपंच धरसींवा, बीईटीओ, सुपरवाइजर एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उपस्थित रहे। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों ने ग्रामीणजनों को शिशु संरक्षण माह के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल दवा वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह माताओं एवं परिवारजनों को बच्चों के पोषण और देखभाल के प्रति जागरूक करने का भी अवसर है।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ रहना ही किसी भी समाज की मजबूती का आधार होता है। जब शिशु स्वस्थ होंगे तभी राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। वहीं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि धरसींवा विकासखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से यह कार्य किया जाएगा।

## सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमावड़े से हो रही हैं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

क्षेत्र सहित आसपास के मार्गों पर दिनोंदिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण बनते जा रहे हैं सड़कों के बीचोंबीच या किनारे बैठने वाले आवारा मवेशी। कभी बैल, तो कभी गाय-भैंस और बछड़े सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे वाहन चालक अचानक टकरा जाते हैं और अनहोनी का शिकार बनते हैं। रात के समय यह समस्या और भयावह हो जाती है क्योंकि अंधेरे में बैठे पशु अचानक दिखते हैं और वाहन चालक चाहकर भी संभल नहीं पाते।



कई बार दोपहिया वाहन चालक सीधे जानवरों से टकरा कर गंभीर चोटिल हो जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि पशुपालकों की लापरवाही का भी नतीजा है। पशुपालक अपने जानवरों को घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी नहीं निभाते, दिनभर चराने के बाद मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। ऐसे में जानवर कहां बैठे, कहां जाएं – इसकी चिंता किसी को नहीं रहती। नतीजतन ये जानवर रोड में घूमते या बैठे दिखाई देते हैं और राहगीरों की जान जोखिम में डालते हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि "जानवर चाहे सड़क पर बैठे, चाहे खेत में भटके, चाहे किसी वाहन से टकराकर जख्मी हो जाएं या जान गंवा बैठें – पशुपालकों का रवैया बेहद उदासीन रहता है।/" इस गैर-जिम्मेदारी के कारण ही सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। स्थानीय नागरिक प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मवेशियों को नियंत्रित करने के लिए गोठान व्यवस्था को सशक्त किया जाए और लापरवाह पशुपालकों पर जुर्माना लगाया जाए ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। कुल मिलाकर, सड़क पर बैठे जानवर न केवल यातायात व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए हैं, बल्कि रोजाना दर्जनों लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

# पालिका के तीजा मिलन में पहुंचे मंत्री और सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा के नेतृत्व में पीएम श्री उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय विद्यालय नेवरा में तीज मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित खेलकूद आदि का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंक राम वर्मा, जिला पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल आदि उपस्थित हुए। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी को तीजा पोला पर्व की बधाई दिए, कार्यक्रम की प्रशंसा किए,

साथ ही महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद का आयोजन भी किया गया था जिसमें नगर पालिका के अध्यक्ष सहित महिला पार्षदों ने भाग लिया, साथ ही उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधि व महिलाओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही कार्यक्रम में माता जस गीत पर विद्यालय की एक छात्रा पर माता आ गया, जस गीत पर छात्रा को माता चढ़ गया जिसे भी शांत कराया गया।




इस अवसर पर जिला पंचायत के सभापति श्रीमती स्वाति वर्मा, शैल साहू , पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन, ईश्वर यदु, विनोद नेताम, दीनू साहू , जयेश पैकरा, पूर्णिमा सेन , किरण बाला नायक,अन्नपूर्णा कश्यप , नीतू वर्मा, मनोज निषाद , नरसिंह वर्मा , सौरभ जैन , अरविंद वर्मा, पवन अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में भाजपाई एवं नगर व क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित हुए।

### गोढ़ी में महिलाओं ने तीजा पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**आरंग।** तीज पर्व नारी शक्ति, आस्था और रिश्तों की मिठास का जीवंत प्रतीक बनकर हर घर-आँगन में उल्लास बिखेर रहा है। इसी कड़ी में गोढ़ी बैस परिवार ने इस बार तीजा पर्व को खास और प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया। परिवार के चार भाइयों की कुल 12 बहनें, 2 बुआ, 1 भतीजी और 1 भांजी—इस तरह पूरे 16 तीजहारिनें एक साथ तीजा मनाने गोढ़ी बैस परिवार में एकत्रित हुईं। आँगन में हर ओर हंसी-खुशी, गीत-संगीत और पर्व की परंपरागत छटा देखते ही बन रही थी। तीजहारिनों ने दिनभर स्नान-ध्यान कर शिव-पार्वती की पूजा अर्चना की और सखी-सहेलियों संग मिलकर पारंपरिक तीजा गीत गाए। सजीव रिश्तों का यह अनुपम संगम न केवल परिवार को जोड़े रखने का उदाहरण है, बल्कि यह समाज में नारी शक्ति की एकता और संस्कृति संरक्षण का सशक्त संदेश भी देता है। इस अवसर पर उपस्थित कुलेश्वर बैस ने कहा कि आज जब संयुक्त परिवार की परंपरा कमजोर होती जा रही है, ऐसे समय में गोढ़ी में बैस परिवार का यह मिलन समाज को प्रेरणा देने वाला है। रिश्तों की डोर में बंधा यह पर्व हमें बताता है कि खुशियाँ तभी पूर्ण होती हैं जब पूरा परिवार एक साथ जुड़कर उन्हें मनाए। तीजा पर्व पर गोढ़ी बैस परिवार का यह सामूहिक उत्सव न केवल घर-आँगन को रोशन कर गया बल्कि समाज में यह संदेश भी दे गया कि संगठित परिवार ही संस्कृति और परंपरा की असली शक्ति है।

**// आम सूचना //**

**वाके मौजा ग्राम जरौद प.ह.नं. 31 रा.नि.मं.आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. खसरा नं.1281 रकबा 0.30 हे. कृषि भूमि के संबंध में ।**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता ना.बा. चुम्मन पिता कोमल वो कोमल पिता तिजउ निवासी ग्राम जरौद वाले के संयुक्त नाम से ख.नं. 1281 रकबा 0.30 हे. कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में भू-स्वामी आधिपत्य में दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है। इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय,महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (7) सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति किया जावेगा, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नही होगा ।

सो सूचना जानें।

**आरंग छ.ग.**
**दिनांक 29/08/2025**
**के. के. गुप्ता (अधिवक्ता)**
**इंदिरा चौक आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 9425228796, 7974662256**

# मंडल अध्यक्ष से लेकर मंत्री तक की शिव प्रकाश, नितिन और अरुण सिंह लेंगे क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के मंडल अध्यक्ष से लेकर मंत्रियों तक की रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन क्लास लेंगे। दरअसल भाजपा में बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर संगठन में बड़ा बदलाव हो गया है।

ज्यादातर मंडलों के साथ एक जिले रायपुर ग्रामीण को छोड़कर बाकी सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो गया है। अब सभी 476 मंडलों और भाजपा के 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसदों को रविवार की सुबह 11.30 बजे से लेकर रात तक भाजपा के राष्ट्रीय नेता मार्गदर्शन देंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का भी मार्गदर्शन नए पदाधिकारियों को मिलेगा। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने पहले सदस्यता अभियान चलाकर रिकॉर्ड 60 लाख सदस्य बनाने का काम किया। इसके बाद पहले बूथों के चुनाव कराए गए। भाजपा के पहले 405 मंडल थे। इसमें 71 और नए मंडल बनाकर मंडलों की संख्या 476 कर दी गई है। इसी के साथ 35 संगठन जिलों में एक बिलासपुर ग्रामीण जिला बनाकर इनकी संख्या को 36 कर दिया गया है। प्रदेश संगठन ने मंडलों के साथ ही जिलों में भी जिलाध्यक्षों के पदों पर नए चेहरों को मौका दिया है।

- आज रात आएंगे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन
- राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश रविवार सुबह पहुंचेंगे



## आज आएंगे राष्ट्रीय नेता

रविवार को होने वाली कार्यशाला में क्लास लेने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश जहां रविवार की सुबह को आएंगे, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का शनिवार की रात को आना तय है। इसके बाद रविवार की सुबह को 11.00 बजे से सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे। कार्यशाला का प्रारंभ 11.30 बजे से होगा। इसमें पांच सत्र होंगे। पहले एक साथ सभी की कार्यशाला होगी। इसके बाद अलग-अलग बैठकों का दौर चलेगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही सभी मंत्री, विधायक, सांसद भी रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सभी मंडलों और जिलों के नए अध्यक्षों के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों को भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। सभी पदाधिकारियों को केंद्र सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए कहा जाएगा। इसके अलावा उनको बताया जाएगा कि किस तरह से संगठन का काम करना है।

## खबर संक्षेप

### महंत ने रमन का जताया आभार



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 25 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा को नव-निर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में स्थापित करने की दिशा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा लिया गया निर्णय हर्ष और गर्व का विषय है। नेता प्रतिपक्ष ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि इस महत्त्वपूर्ण विषय पर पूर्व में मेरे द्वारा दिये गए सुझाव को आपने संज्ञान में लिया और उसे सार्थक रूप प्रदान किया। यह निर्णय न केवल संविधान निर्माता के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का दीपस्तंभ भी बनेगा।

### सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला में आएंगे राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन

रायपुर। भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम होगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने बताया, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत तीन सितंबर को प्रदेशस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है, इसमें राष्ट्रीय महासचिव राधामोहन अग्रवाल विशेष रूप से रायपुर आएंगे। श्री सोनी ने बताया, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन है। इस पखवाड़े में सेवा के अनेक कार्य किए जाते हैं। इस बार का कार्यक्रम बहुत विस्तारित और जन भागीदारी के साथ बड़ी संख्या में अनेक गतिविधियां भाजपा की तरफ से सभी समाज को उसमें सहभागी बनाते हुए आयोजित की जाएंगी। इस दौरान रक्तदान शिविर, युवा मैराथन सभी स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जनता को निःशुल्क चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। स्वच्छता के कार्यक्रम ग्राम, जिला, मंडल स्तर पर किए जाएंगे जिसमें नदियों, तालाबों, महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की सफाई की जाएगी। इसके साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जो केन्द्रीय संगठन द्वारा तय है।

साझेदारी से छत्तीसगढ़ की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा और लॉजिस्टिक्स बैकबोन को मिलेगी नई गति

# सीएम साय ने दो कोरियाई कंपनियों को किया आमंत्रित, ईवी चार्जिंग, मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट, स्वच्छ ऊर्जा पर होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी मार्डन टेक कार्पो. और रेल रखरखाव समाधानों की प्रमुख कोरियाई कंपनी यूनिकोरेल को छत्तीसगढ़ में निवेश और सहयोग के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, सतत परिवहन अधोसंरचना का निर्माण करना और रेलवे नेटवर्क को मज़बूत बनाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन दोनों कंपनियों के साथ साझेदारी से छत्तीसगढ़ की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा और लॉजिस्टिक्स बैकबोन को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस की अग्रणी कंपनी मार्डन टेक कार्पो. को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित कर कंपनी को प्रदेश में अत्याधुनिक ईवी चार्जिंग मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव देते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य को स्वच्छ ऊर्जा और सतत परिवहन अधोसंरचना के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी।



## छत्तीसगढ़ बनेगा हरित ऊर्जा का राष्ट्रीय हब

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर घटक निर्माण इकाइयों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे छत्तीसगढ़ हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक उभरते हुए राष्ट्रीय हब के रूप में स्थापित होगा।सीएम ने दिलाया भरोसामुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मार्डन टेक कार्पो. के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि "प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, ताकि निवेशक बिना किसी बाधा के अपने प्रोजेक्ट को शीघ्रता से क्रियान्वित कर सकें।" मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान यूनिकोरेल के सीईओ डोंग पिल पार्क से मुलाकात की। यह कंपनी कोरिया की अग्रणी रेल मेंटेनेंस समाधान प्रदाता है।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री और कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग, तकनीकी हस्तांतरण और रेलवे अधोसंरचना विकास में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तेज़ी से बढ़ती औद्योगिक और लॉजिस्टिक आवश्यकताओं को देखते हुए रेलवे क्षेत्र में अत्याधुनिक समाधान बेहद अहम हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि यूनिकोरेल के अनुभव और विशेषज्ञता से राज्य में रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने, रखरखाव को बेहतर बनाने और लॉजिस्टिक्स बैकबोन को मजबूत करने में नई दिशा मिलेगी। इससे न केवल औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी बल्कि आम जनता को भी सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास को नीति का केंद्रीय तत्व बना रही है। उन्होंने सभी निवेशकों से आग्रह किया कि वे छत्तीसगढ़ के विकास भागीदार बनें और इस परिवर्तनकारी यात्रा में शामिल होकर राज्य को नए शिखरों पर पहुंचाएं।

### स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस निवेश से स्थानीय युवाओं के लिए व्यापक रोजगार अवसर सृजित होंगे, राज्य में हरित तकनीकी कौशल का विकास होगा और ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में सतत परिवहन नेटवर्क को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि का अनुभव और विशेषज्ञता छत्तीसगढ़ की ऊर्जा संक्रमण यात्रा को तेज़ करेगी।

### पीढ़ियों को मिलेगा स्वच्छ पर्यावरण का उपहार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति 2024–30, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि "छत्तीसगढ़ में ईवी चार्जिंग मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना से न केवल स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को बल मिलेगा, बल्कि प्रदेश की जनता को बेहतर और आधुनिक परिवहन अवसंरचना भी उपलब्ध होगी। यह पहल भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण का उपहार देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

# कांग्रेस भाषा की मर्यादा खोती जा रही : किरण देव

- विपक्षी दल कर रहे अभद्र भाषा व अपशब्दों का प्रयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा, कांग्रेस अब भाषा की मर्यादा खोती जा रही है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी बिहार में दरभंगा की एक सभा में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कांग्रेस और राजद की जनसभा में बिलो द बेल्ट जाकर अभद्र और अमर्यादित भाषा प्रधानमंत्री के सर्वोच्च पद पर बैठे श्री मोदी व उनकी स्वर्गीय माताजी को लेकर प्रयुक्त की गई, मंच से अश्लील गाली-गलौज की गई, उसकी पूरा देश कटु निन्दा कर रहा है। दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में अपने विरोधियों के प्रति इस तरह अभद्र भाषा व अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता, जैसा भारत के विपक्षी दल कर रहे हैं।

श्री देव ने शुक्रवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, समय-समय पर कांग्रेस के अन्य नेताओं के भी मुंह से इस तरह की अभद्र भाषा बोली गई है। सोनिया गांधी ने मौत का सौदागर बताकर इस अभद्रता की शुरुआत की और अब वह इस निम्न स्तर पर आ पहुंची है। प्रधानमंत्री श्री मोदी पिछड़ा वर्ग से आते हैं और उनकी जाति का अपमान करने की दृष्टि से राहुल गांधी और कई बार उनके नेताओं ने अपमानजनक बातें कहीं। हाल ही एक सभा में राहुल गांधी प्रधानमंत्री श्री मोदी को तू कहकर संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी को देश की जनता ने लगातार तीसरी बार जनादेश देकर इस महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा है। अपने देश के विकास और उन्नति की दृष्टि से उनकी उत्कट लगन व ललक को पूरा देश देख रहा है। तू-तड़ाक की भाषा का उपयोग करने से पहले राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि वह पहली बार लोकसभा में लीडर ऑफ अपोजीशन बने हैं। लेकिन अपने भाषणों में जिस तरह के शब्दों का चयन वह कर रहे हैं, राजनीतिक क्षेत्र में उन शब्दों के प्रयोग की कतई गुंजाइश नहीं है।

# लक्ष्य के करीब पहुंचा यूरिया वितरण, किसानों ने उठाया 4.18 लाख बॉटल नैनो यूरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश के किसानों को हरसंभव रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं रासायनिक उर्वरक की लागत में कमी लाने तथा डीएपी खाद की आपूर्ति में कमी को ध्यान में रखते हुए नैनो उर्वरक के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है।

प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए भारत सरकार द्वारा 14.62 लाख मीट्रिक टन विभिन्न रासायनिक खादों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के विरुद्ध सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में 15.64 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण कर लिया गया है। भंडारण के विरुद्ध किसानों को 13.19 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया है। समितियों एवं निजी क्षेत्रों में भी यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान भी उत्साह पूर्वक नैनो उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं।

### यूरिया वितरण का हिसाब

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चालू खरीफ सीजन के लिए 25 अगस्त की स्थिति में 3 लाख 91 हजार 79 मीट्रिक टन एवं निजी क्षेत्र में 3 लाख 11 हजार 563 मीट्रिक टन इस तरह कुल 7 लाख 2 हजार 642 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। भंडारण के विरूद्ध 6 लाख 38 हजार 599 मीट्रिक टन यूरिया किसानों को वितरित किए जा चुके हैं। इसमें 3 लाख 42 हजार 444 सहकारी क्षेत्र और 2 लाख 96 हजार 155 मीट्रिक टन निजी क्षेत्र से वितरण शामिल है, जबकि पिछले खरीफ सीजन वर्ष 2024 में 6 लाख 17 हजार 798 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया था।

# स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया आदेश- नो वर्क नो पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने एक आदेश जारी कर कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने पर काम नहीं तो वेतन नहीं के सिद्धांत का पालन करना होगा। आदेश के अनुसार समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इस माह के अनुपस्थित दिवस का वेतन आहरित नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि 18 अगस्त 2025 से लगातार अनुपस्थित पाए जा रहे एनएचएम अधिकारियों-कर्मचारियों की जानकारी तत्काल राज्य कार्यालय को भेजी जाए। निर्देश में यह भी कहा गया है कि सभी अनुपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि अपने कार्यालय में उपस्थिति न दिए जाने की अवस्था में उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके अंतर्गत उन्हें सेवा से पृथक भी किया जा सकता है। गौरतलब है कि एनएचएम द्वारा पहले भी आदेश जारी करने के बावजूद कई जिलों में अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे।

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनुपस्थित अधिकारी-कर्मियों के लिए शासन का आदेश

# शिक्षा में मेंटरशिप सामाजिक न्याय और समान अवसर का मजबूत आधार : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीति आयोग ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शिक्षा में मेंटरशिप को बढ़ावा देने, समानता का मार्ग विषय पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भावना को मूर्त रूप देते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने में मेंटरशिप की भूमिका पर गहन विचार-विमर्श कर राष्ट्रीय फ्रेमवर्क बनाना है। विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और हितधारकों ने शिक्षा में समानता लाने, ड्रॉपआउट दर घटाने और युवाओं को अवसरों से जोड़ने के लिए अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि शिक्षा में समानता और सशक्तिकरण की दिशा में मेंटरशिप की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित है। यह साझा राष्ट्रीय ढांचा तैयार करने का अवसर है, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में मदद करेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनसांख्यिकीय ताकत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की औसत आयु 28 वर्ष है, जबकि छत्तीसगढ़ की औसत आयु मात्र 24 वर्ष है। यह हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, हमें युवाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ना होगा, ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें।



### गांव में की पढ़ाई, वहां बुनियादी सुविधा भी नहीं थी

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने गांव के सरकारी स्कूल में 10वीं और 12वीं तक पढ़ाई की, जहां बुनियादी सुविधाएं भी नहीं थीं। 17 वर्षों की औपचारिक शिक्षा के बाद भी अनेक युवाओं को यह स्पष्ट नहीं होता कि जीवन में आगे क्या करना है। कैरियर गाइडेंस और मेंटरशिप इस कमी को दूर कर सकती है। उन्होंने स्थानीय भाषा और संस्कृति आधारित शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र के बच्चों के जीवन का जुड़ाव जंगलों और झरनों से है। उन्हें इसी के अनुरूप अक्षर ज्ञान देना चाहिए। एनईपी 2020 का स्थानीय बोलियों पर फोकस सही दिशा है। सरकारी स्कूलों की चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि समुदाय की भागीदारी घट रही है, हमें नवोदय विद्यालय जैसे मॉडल अपनाने होंगे। नीति आयोग को देशभर की इनोवेटिव प्रैक्टिस को साझा प्लेटफॉर्म पर लाना चाहिए, ताकि शिक्षा में समानता सुनिश्चित की जा सके।

# बस्तर में भारी बारिश से जनजीवन तबाह, सरकार मुआवजा तुरंत दे: बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। प्रभावित क्षेत्र के दौरा के दौरान उन्होंने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से फोन पर चर्चा कर उन्हें हालात की जानकारी दी तथा प्रभावित क्षेत्रों के लिए तत्काल मुआवजा राशि जारी करने और बाढ़ प्रभावित बस्तर के लिए विशेष राहत राशि जारी करने की मांग की है।

बैज ने कहा कि बस्तर में भारी बारिश से जनजीवन तबाह हो गया है। कई गांवों का संपर्क टूट गया है, अनेकों रास्ते बंद हो चुके हैं, सैकड़ों लोगों का घर बारिश से टूट चुका है, स्थितियां चिंताजनक हैं। बस्तर में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अनेक मार्ग बाधित हो गए हैं, दर्जनों गांव डूब गए हैं, उनका बाकी जगहों से संपर्क टूट गया है, लोगों के मकान गिर गए हैं, मवेशी बह गए हैं। कई वाहनों के बहने, डूबने की खबरें आ रहीं, एक पर्यटक परिवार बह गया, परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। अभी तक 8 लोगों की मौत की खबरें सामने आई है। लोगों के पास खाने के लिए अनाज नहीं है। उनके घरों का अनाज, मवेशी, मुर्गा-मुर्गी, बकरी-बकरा, गाय-बैल सब बारिश में बह गये हैं। सरकार द्वारा चलाये जा रहे राहत कार्य उतने प्रभावी नहीं हैं, सरकार प्रभावितों को मुआवजा, राशन और चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था तुरंत करे।




# कमिश्नर ने युक्तियुक्तिकरण की शिकायतों पर की सुनवाई शिक्षकों ने कहा- नियमों के विरुद्ध दूसरे स्कूल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने शुक्रवार को युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध रायपुर जिले के शिक्षकों के आवेदनों पर सुनवाई की। इस सुनवाई में शिक्षकों को भी बुलाया गया था, जिन्होंने आयुक्त के समक्ष अपनी बातें रखी। हरिभूमि ने सुनवाई में शामिल हुए कई शिक्षकों से बातचीत की। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि जिला स्तरीय समिति ने शासन की गाइड लाइन के विरुद्ध जाकर उन्हें दूसरे स्कूलों में भेजा है। कुछ शिक्षकों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण को लेकर जो नियमों के तहत कंडिका बनाई गई है, उसी का पालन नहीं हुआ है। इस तरह समिति ने नियमों का उल्लंघन किया है। इस पर समिति में शामिल अफसरों के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### केस 1

आरंग क्षेत्र के प्रायमरी स्कूल से तिल्दा में पदस्थ किए गए शिक्षक पुराणिक राम मनहरे ने बताया कि शासन ने युक्तियुक्तकरण के लिए नियम बनाए हैं, कंडिका 7 के नियम के तहत अतिशेष में कनिष्ठ शिक्षक को दूसरे स्कूल भेजा जाना है। वह वरिष्ठ शिक्षक के पद पर पदस्थ है। इसके बाद भी उसे भेजा गया है।

### केस 2

धरसींवा से अभनपुर प्रायमरी स्कूल में भेजी गई शिक्षिका शशि साहू ने बताया कि वर्ष 2014 में कंडिका 10-4 के तहत कनिष्ठ होने के कारण धरसींवा में रिक्त पद होने के कारण भेजा गया था। अब जब वह स्कूल में वरिष्ठ पद पर पदस्थ है, तो भी कनिष्ठ की जगह उसे भेजा गया है। इस तरह समिति ने नियम का पालन नहीं किया है।



### सुनवाई पूरी होने के बाद करेंगे निराकरण

युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समितियों के विरुद्ध आए आवेदनों पर सुनवाई अभी जारी है। शनिवार को रायपुर जिले के बचे आवेदनों पर आखिरी सुनवाई है। इसके बाद इन आवेदनों पर जिला स्तरीय समितियों का भी पक्ष सुना जाएगा। इसके बाद निराकरण किए जाएंगे।

- महादेव कावरे, संभागायुक्त रायपुर

### केस 3

शिक्षक अश्विनी शर्मा ने बताया कि वह स्कूल में सिर्फ दो वरिष्ठ शिक्षक थे, जिसमें वह सबसे वरिष्ठ थे। अन्य शिक्षक कनिष्ठ हैं, जिनके स्थान पर उन्हें दूसरे स्कूल भेज दिया है, वहीं उनके नीचे वरिष्ठ शिक्षक को स्कूल का प्राचार्य बना दिया है। इस तरह युक्तियुक्तकरण में नियम का पालन नहीं हुआ है।

### केस 4

एक शिक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उसे भी नियम विरुद्ध दूसरे स्कूल में पदस्थ किया है। इसके विरुद्ध उसने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई है, लेकिन उसे उम्मीद थी कि सुनवाई में उसे इंसाफ मिलेगा, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। इसे देखकर लग रहा है कि दोबारा हाईकोर्ट की शरण में जाना होगा।

### सुनवाई से शिक्षक में असंतोष कहा-खानापूर्ति की जा रही

इस सुनवाई में शामिल होने के बाद संभाग आयुक्त के कक्ष से बाहर निकलने वाले शिक्षकों के चेहरों पर मायूसी रही। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि सुनवाई में मात्र खानापूर्ति की जा रही है। शिक्षकों ने बताया कि आवेदन के माध्यम से उनके द्वारा नियम विरुद्ध पदस्थापना की जो शिकायत की है, सिर्फ उसके बारे में ही सुनवाई में पूछा गया, जबकि सुनवाई के दौरान जिला स्तरीय समिति के अफसर भी मौजूद थे। इस संबंध में इन अफसरों से यह तक पूछा नहीं गया कि आवेदक के आरोप सही हैं या नहीं, अगर सही हैं तो नियम विरुद्ध पदस्थापना करने का कारण क्या था। कुछ शिक्षकों ने तो यह भी कहा कि उन्हें ठीक से सुना तक नहीं गया और आश्वासन देकर लौटा दिया।

### 83 आवेदनों पर हुई सुनवाई

संभाग आयुक्त बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद से आये शिक्षकों के आवेदन पर पहले ही सुनवाई कर चुके हैं, वहीं अब रायपुर जिले के आवेदनों पर सुनवाई कर रहे हैं। जिलेभर से करीब 183 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समिति के विरुद्ध शिकायत की है। शिक्षकों की संख्या ज्यादा होने के कारण दो दिन सुनवाई रखी गई है। पहले दिन करीब 83 आवेदनों पर सुनवाई की। यह सुनवाई दो पॉली में हुई।



## शहर में विराजे गणपति



जय भोले गणेशोत्सव समिति अटल चौक देवपुरी



रघुनंदन परिवार ब्रिज के नीचे तेलीबांधा



भोले गणेशोत्सव समिति कालीबाड़ी



श्री क्रांति संघ गणेश पुरानी बस्ती थाने के सामने



श्री मित्रा जी. यू. एस. साहू पारा गुढ़ियारी



अश्विनी नगर गणेशोत्सव समिति



गौरा-गौरी गणेशोत्सव समिति तेलीबांधा

### संस्कृति विभाग के मुक्ताकाशी मंच पर रंग परब महोत्सव की श्रृंखला के पहले दिन नाट्य मंचन

# अक्कल बड़े के भईंस : मंगलू और पिता की नोक-झोंक से सजा मंच, गूंजे ठहाके

'बचपन में बेटे मंगलू की शादी करने के बाद उसके पिता बहू को घर लाने के लिए उसके मायके तो जाते हैं, लेकिन वहां परिवार की नासमझी और बिदाई को लेकर विवाद की स्थिति बनती है। इस ताने-बाने को सुलझाने के बजाय घर खाली हाथ लौटने पर मंगलू और उसके पिता के बीच अक्कल बड़े के भईंस को लेकर बहस शुरू हो जाती है। उनके बीच छत्तीसगढ़ी मिठास घोलते संवादों ने संस्कृति विभाग के मुक्ताकाशी मंच के सामने बैठे नाट्य प्रेमियों को अपनी संवाद अदायगी से गुदगुदाने का प्रयास किया तो दर्शकों के बीच ठहाकों की गूंज ने उल्लास का माहौल निर्मित किया।'





रायपुर। संस्कृति विभाग की ओर से रंग-परब महोत्सव की श्रृंखला शुक्रवार की शाम साढ़े सात बजे शुरू हुई। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर छत्तीसगढ़ी नाटक अक्कल बड़े के भईंस नाट्य की प्रस्तुति दी गई। लोककला मंच दूध मोंगरा की इस प्रस्तुति ने लोगों के बीच कला-संस्कृति, पारिवारिक जीवनशैली का भी चित्रण किया। तीन दिवसीय श्रृंखला में पहले दिन नाटक मंचन किया गया। इसे कलाकारों ने पीसी लाल यादव की अगवानी में पेश किया। शिक्षा का संदेश देती इस हास्य से भरपूर प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मंगलू और उसके पिता के संवादों से नाटक की शुरुआत होती है। मंगलू की शादी बचपन में हो जाती है। उसकी पत्नी अपने मायके में रहती है।

### बाप-बेटे के बीच शर्त- अक्कल बड़े के भईंस

मंगलू की बात सुनकर पिता उसकी पत्नी को लेने उसके मायके चले जाते हैं। वहां पहुंचते ही मंगलू की सास व ससुर हंसी-मजाक करते हैं। नाटक आगे बढ़ता है और मंगलू के पिता बोलते हैं, मैं यहां अपनी बहू को लेने आया हूं। ये सुनते ही मंगलू की सास रामकली कहती हैं, मेरी बेटी कहीं नहीं जाएगी। मंगलू के पिता और ससुर में बातचीत होती है और ससुर झूठ बोलता है कि बेटी की तबीयत खराब है, इसलिए वो नहीं जा सकती। दोनों में बहस होने लगती हे। मंगूल के पिता कहते हैं कोई तबीयत खराब नंही है। तुम लोगों की नीयत खराब है। गुस्से में मंगलू के पिता वहां से निकल जाते हैं और घर पहुंचते ही बेटे को सबकुछ बताते हैं। पिता बोलते हैं, तेरी वो सास बड़ी चालाक और तेज है, नहीं आने देगी बहू को। फिर क्या, पिता तय करते हैं कि मंगलू कि शादी दोबारा होगी और कहते हैं, मुझे नहीं चाहिए वो बहू। मंगलू अपनी जिद्द में कहता है, आप कर लो शादी, एक नहीं दस, मुझे तो वही बहू चाहिए। झगड़े के बीच मंगलू बोलता है, अक्कल बड़े के भईंस? पिता कहते हैं, ये देखो, अब मेरा बेटा मुझसे सवाल पूछता है, इतना बड़ा हो गया हैं। पूरे एटीट्यूड के साथ बोलते हैं, भईंस बेटा भईंस... और दर्शक हंसने लगते हैं। दोनों में शर्त लग जाती है कि मैं बताता हूं, कौन बड़ा है। मंगलू शर्त लगाता है कि अब मैं आपकी बहू को लेकर आऊंगा, फिर आप मुझे बाप बोलना.. ठीक है।

### छत्तीसगढ़ी संवाद सुन दर्शक हुए लोटपोट

नाटय शुरू होते ही पिता चिल्लाते हैं अरे ओ मंगलू...पता नहीं यह लड़का कहां चला गया। वहीं मंगलू अपने कुछ साथियों के साथ छत्तीसगढ़ी गाने की प्रस्तुति देने में मशगूल मिलता है। अचानक पिता आकर उसे डंडे से पीटने लगते हैं। बेटे के बाल पकडंकर नीचे जमीन पर पटक देते हैं। दर्शक इस दृश्य पर जोरों से हंसने लगते हैं। पिता पूछते हैं, ये सब क्या है? जवाब में मंगलू बोलता है, बांस गीत गा रहा था। पिता कहते हैं, अच्छा, अभी लगाऊं बांसे-बांस..। फिर दोनों घर जाकर सो जाते हैं। सुबह पिता दिनचर्या के कामों में निकल जाते हैं। दोपहर के समय पिता आकर बोलते हैं, मैं काम करते थक गया हूं और तू अभी तक सोया है। ऐ मंगलू उठ..और उसे मारने लगते हैं। मंगलू कहता है, सपना देख रहा था। सपने में देखा कि मातर जगाने का हम त्योहार मना रहे हैं। पिता कहते हैं इस त्योहार को घर में महिलाओं का होना आवश्यक है।



### बहू को बुलाने रचा नाटक

मंगलू बोलता है, बस आप मरने का नाटक करो, बाकी मैं देख लूंगा। मंगलू ससुराल पहुंचता है और झूठ बोलता है कि बाबूजी मर गए। ये सुनते ही सास-ससुर व उसकी पत्नी घर आते हैं, रामकली और उसकी बेटी रोने लगते हैं। थोड़ी देर में ही मंगलू के पिता उसके ससुर से झगड़ पड़ते है और नाटक का खुलासा हो जाता है। फिर क्या, पिता बोलते हैं, हां बेटा, अक्कल ही बड़ी होती है। दोनों परिवारों में विवाद बढ़ने लगता है, तभी गांव के एक बुजुर्ग पूछते है, ये सब क्या है? मंगलू के पिता सबकुछ बताते है कि कैसे उसके ससुराल वाले बहू को लाने नहीं दे रहे थे। दोनों परिवारों को समझाइश दी जाती है और मातर त्योहर के लिए बहू मंगलू के यहां ही रुक जाती है। नाटक का सुखद अंत होते ही दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों की प्रशंसा की।

### नया रायपुर में आयोजन बॉलीवुड कलाकार मचाएंगे धूम

# देशभर के वेडिंग और इवेंट प्लानर्स भी तीन दिन विजन-2047 पर करेंगे मंथन

**रायपुर।** 30 अगस्त से 1 सितंबर तक एसोसिएशन ऑफ ईस्ट इवेंट मैनेजमेंट द्वारा नवा रायपुर में आयोजित नेशनल सेमिनार में देशभर के दिग्गज वेडिंग और इवेंट प्लानर शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ सरकार की दूरदर्शी योजना को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने और पीएम मोदी के विजन-2047 में किस तरह से सहभागिता निभाई जा सकती है, इस दिशा में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। तीन दिनों तक मे-फेयर लेक रिसॉर्ट्स, नवा रायपुर में चलने वाले आयोजन में बॉलीवुड के मशहूर कलाकार प्रस्तुति देंगे। इसकी शुरुआत शनिवार को धूमधाम से की जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान गीतेश अग्रवाल, राघव सिंघानिया और सिद्धार्य जोशी ने देते हुए आगे बताया कि इस आयोजन को बैंड-बाजा और बारात थीम से सजाया जाएगा।




### विभिन्न इवेंट्स से सजाएंगे मंच, आर्टिस्ट देंगे प्रस्तुति

इसकी शुरुआत देश के मशहूर जिया बैंड की प्रस्तुति के साथ बारात के रूप में होगी। इसके बाद वेडिंग एवं इवेंट के तहत सेवादाताओं के लिए अवार्ड एवं मशहूर सूफी बैंड सूफियत की प्रस्तुति को शामिल किया जाएगा। दूसरे दिन देशभर से आए दिग्गज वेडिंग और इवेंट प्लानिंग के क्षेत्र में नए ट्रेंड और उसकी उपयोगिता पर विभिन्न सत्रों का संचालन करते हुए विशेषज्ञों द्वारा मंथन किया जाएगा। इसके साथ ही वेडिंग और इवेंट के क्षेत्र ने काम करने वाले कलाकारों के अवार्ड एवं बॉलीवुड नाइट का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुंबई के मशहूर कलाकार बॉली जैमर्स प्रस्तुति देंगे। इसका समापन 1 सितंबर को वेडिंग और इवेंट प्लानर्स के अवार्ड समारोह के साथ होगा। इसमें देश की मशहूर कलाकार कायनात अरोरा एवं बॉलीवुड के एक प्रसिद्ध गायक भी प्रस्तुति देंगे।

## रंगभूमि की प्रस्तुति, नाटक शिखंडी का मंचन आज

**रायपुर।** शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में रंगभूमि की प्रस्तुति में स्त्री विमर्श नाटक शिखंडी का मंचन किया जाएगा। इस नाटक का मंचन शाम 7 बजे संत ज्ञानेश्वर सभागृह महाराष्ट्र मंडल चौबे कॉलोनी में आयोजित है। नाटक के निर्देशक रंजन मोडक और लेखक भरत वेद हैं। निर्देशक रंजन मोडक ने बताया कि नाटक शिखंडी एक अनोखी नाट्य रचना है, जो थर्ड जेंडर के अधिकारों और उनकी पहचान पर केंद्रित है। इस नाटक के मंचन का उद्देश्य समाज में थर्ड जेंडर वर्ग को समानता का संदेश देने के लिए है।




### राजधानी की महिलाएं बाजारों और शापिंग मॉल में तलाश रहीं पसंदीदा एक्ट्रेस जैसा लुक पाने ड्रेस-ज्वेलरी की कॉपी

# टीवी एक्ट्रेस-हीरोइन की डिजाइनर ड्रेस और ज्वेलरी का महिलाओं में क्रेज, नए अवतार में आने बदल रहीं फैशन

कॉर्नर न्यूज

रायपुर। रूपहले पर्दे की नायिकाएं और टीवी शो की एक्ट्रेसेज का पहनावा आधुनिक दौर में भी महिलाओं में फैशन ट्रेंड बदलने का सूत्रधार है। परफेक्ट लुक की चाह में महिलाएं कस्टमाइज ड्रेस और ज्वेलरी की तलाश में रुचि लेने लगी हैं। इसमें बिग बॉस और अनुपमा शो की एक्ट्रेस जैसा लुक पाने के साथ वे फिल्मी नायिकाओं के पहनावे की कॉपी भी राजधानी के बाजारों और शापिंग मॉल में तलाश रही हैं। इनमें डिजाइनर साड़ी-ब्लाउज, गाउन, सूट, टॉप और मैचिंग ज्वेलरी को तवज्जो दे रही हैं। महिलाओं में अब भी फैशन का ट्रेंड केवल मेट्रो सिटीज तक सीमित नहीं रहा है। शहर की महिलाएं समय के साथ फैशन के नए ट्रेंड को फॉलो करने लगी हैं। इससे बड़े आयोजनों ही नहीं, बल्कि फैशन शो और सोशल मीडिया पर रील्स बनाने का क्रेज है। इससे भी महिलाओं का एक बड़ा वर्ग जुड़ा है। वहीं फिल्मों और टीवी शो के किरदारों के पहनावे की कॉपी करने का चलन भी बढ़ने लगा है। इसे खुद को बेहतर लाइफस्टाइल से जोड़ने के लिए भी महिलाएं अपनाना पसंद कर रही हैं। जहां वे फिल्मों या सोशल मीडिया में एक्ट्रेस और एक्टर्स की तरह खुद के फैशन सेंस में भी बदलाव करने लगी हैं। इससे शहर के बाजारों में भी न्यू ट्रेंडी लुक के आउटफिट्स की मांग बढ़ने लगी है। अधिकतर महिलाएं डिजाइनर ड्रेस या ज्वेलरी मनपसंद अंदाज में कस्टमाइज कराना पसंद कर रही हैं। इतना ही नहीं, फिल्मी एक्ट्रेस जैसे नए अवतार में प्रेजेंट करने तैयारी भी करती हैं। त्योहार, वेडिंग और फैमिली फंक्शन के लिए लोग ऐसे ट्रेंडी और स्टाइलिश आउटफिट्स को प्राथमिकता दे रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि लोग बिग-बॉस, सैयारा मूवी, अनुपमा सीरियल और आलिया भट्ट की तरह डिजाइनर आउटफिट, ड्रेस और ज्वेलरी एसेसरीज तैयार करा रही हैं।







### अनुपमा स्टाइल नेकलेस और बिग बॉस ईयरिंग का क्रेज



दुकान संचालक सौम्या पमनानी ने बताया कि उनकी दुकान में हैंडमेड ज्वेलरी और एसेसरीज कस्टमाइज की जाती है। इन दिनों लोग अनुपमा, बिग बॉस और सोशल मीडिया पर वायरल डिजाइन की एसेसरीज पसंद कर रहे हैं। वे अनुपमा सीरियल में दिखाए गए कौड़ियों वाले नेकलेस, ईयरिंग और माथाटीका के पूरे सेट को कस्टमाइज करा रहे हैं। वहीं बिग बॉस शो के कंटेस्टेंट्स द्वारा पहनी गई मोतियों की ईयरिंग की भी खास डिमांड है। इन ज्वेलरी सेट्स में खासतौर पर हाथ की कारीगरी और पारंपरिक लुक का मॉडर्न टच देखने को मिल रहा है, जो युवाओं और महिलाओं को खासा आकर्षित कर रहा है।

### एक्ट्रेस का वेडिंग लुक ब्राइडल लहंगा और लाइटवेट साड़ियों की डिमांड



कपड़ा दुकान संचालक गोपाल राठी ने बताया कि ब्राइडल लहंगा और साड़ियों की मांग सबसे अधिक है, लोग अपने खास दिन को यादगार बनाने के लिए बेहतर और खास आउटफिट्स चाहते हैं। वे अपने लुक के लिए कोई समझौता नहीं करते और खासतौर पर टीवी सीरियल शो में दिखाई गई लाइटवेट साड़ी और एक्ट्रेस के वेडिंग लहंगे की डिजाइन तथा रंगों की डिमांड करते हैं। इस ट्रेंड ने बाजार में नए स्टाइल और डिजाइन को बढ़ावा दिया है।

### ट्रेंडी आउटफिट्स की बढ़ी डिमांड, बैकलेस टॉप और डिजाइनर गाउन का क्रेज

शहर की महिलाएं और युवतियां अब फिल्मों तथा सोशल मीडिया से प्रेरित होकर न्यू ट्रेंडी लुक अपनाने लगी हैं। बुटिक संचालिका कुनिका साहू ने बताया कि सैयारा फिल्म और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक्ट्रेस के डिजाइनर लुक्स को देखते हुए लोग अब उसी अंदाज में कस्टमाइज आउटफिट्स की डिमांड कर रहे हैं। इस डिमांड में खासतौर पर डिजाइनर ब्लाउज, बैकलेस टॉप और मॉडर्न गाउन शामिल हैं, जिन्हें खास अवसरों के लिए कस्टमाइज किया जा रहा है। कस्टमर्स अब पारंपरिक कपड़ों में भी मॉडर्न टच चाहते हैं, जिससे फैशन के बाजार में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है।

## शहर में विराजे गणपति


श्री गौरी पुत्र परिवार पुरानी बस्ती लिली चौक


एकता मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति सोनकर पारा


जागृत युवा गणेशोत्सव समिति लाखे नगर चौक


कान्हा गणेश उत्सव, शिव विहार कॉलोनी, बोरियाखुर्द


श्री आजाद बाल गणेश अश्वनी नगर


आदर्श नगर मोवा


होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज रामकुंड

क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और बैडमिंटन के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने दिए कॅरियर मंत्र

# डाइट ही मैदान की असली ताकत, खुद की जरूरत समझें खिलाड़ी, मेहनत से दूर होगी इंजरी और मेंटल स्ट्रेस



**खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न खेलों के दो हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर खेल मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने खिलाड़ियों को प्रतिदिन 1 घंटे खेल के मैदान में समय देने की शपथ दिलाई। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खेल महोत्सव के लोगो का अनावरण किया। इसके अलावा सांसद खेल महोत्सव प्रारंभ करने की घोषणा की गई।**

**रायपुर।** कार्यक्रम में आईपीएल फेम क्रिकेटर शशांक सिंह, अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेयांश जायसवाल, अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी किरण पिस्दा और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने ऑडिटोरियम में उपस्थित खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और अपने अनुभव साझा किए। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सवाल भी पूछे गए, जिसका जवाब उन्होंने बड़ी ही सहजता से दिया। खिलाड़ियों ने डाइट, फिटनेस, मेंटल हेल्थ, इंजरी रिकवरी, पोषण और कॅरियर से जुड़े मंत्र दिए। सभी ने कहा कि खेल में हार जैसी कोई चीज नहीं होती, जब हम खेलते हैं तो जीतते है या फिर सीखते हैं। इसलिए कभी हार हो भी जाए तो यही सोचना और आगे बढ़ना।

### अपेंडिक्स ऑपरेशन के 15 दिन बाद खेला देश के लिए मैच, जीता मेडल

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने अपने अनुभव साझा करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा, "हर खिलाड़ी के जीवन में इंजरी का दौर आता है, लेकिन ऐसे समय में मानसिक मजबूती ही सबसे बड़ा सहारा बनती है।" उन्होंने बताया, "एक अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले से पहले मुझे अपेंडिक्स की दिक्कत हो गई थी और तुरंत ऑपरेशन करना पड़ा। ठीक 15 दिन बाद इंडिया हॉकी टीम से कॉल आया कि मुझे टीम के लिए खेलना है। डॉक्टर ने साफ मना कर दिया कि अभी खेलना खतरनाक हो सकता है, टांके खुल सकते हैं, गंभीर चोट भी आ सकती है। फिर भी मैंने तय किया कि देश के लिए खेलना है। मैं दिल्ली गया और मैदान में उतरा। टीम में मेरा विकल्प मिल सकता था, लेकिन मैंने वह मैच खेला और देश को मेडल भी दिलाया।





### अपनी क्षमताओं और कौशल पर रखें भरोसा

अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉलर किरण पिस्दा ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता की शुरुआत आत्मविश्वास से होती है। अपनी क्षमताओं और कौशल पर भरोसा रखें, क्योंकि जब आप खुद पर विश्वास करते हैं, तभी सपने हकीकत बनते हैं। किरण ने युवाओं से आग्रह किया कि वे बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए कठिन मेहनत करें। उन्होंने कहा, मेहनत ही वह रास्ता है जो आपको आपकी मंजिल तक पहुंचा सकता है। इसलिए कभी भी प्रयास करना न छोड़ें।



### हर खिलाड़ी की बॉडी अलग

आईपीएल क्रिकेटर शशांक सिंह ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि मैदान में प्रदर्शन का असली आधार हमारी डाइट होती है। उन्होंने कहा, हर खिलाड़ी की बॉडी अलग होती है, इसलिए यह जरूरी नहीं कि जो डाइट मैं लेता हूं, वह आपके लिए भी सही हो। खुद की जरूरत को समझना सबसे अहम है।" शशांक ने बताया कि खिलाड़ियों को प्रोटीन, विटामिन और अन्य पोषक तत्वों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि वही ऊर्जा मैदान में नजर आती है। उन्होंने यह भी कहा कि खेल में मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। जिस दिन आप मेहनत से भागेंगे, उसी दिन आपका विकास रुक जाएगा। उन्होंने कहा कि मैदान में अपना सबकुछ झोंक देना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ी कुछ खोता नहीं है। वह या तो जीतता है या सीखता है।



### अनुशासन और निरंतरता से ही तय होती है जीत की राह

अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेयांश जायसवाल ने खिलाड़ियों से संवाद के दौरान कहा कि किसी भी खेल में सफल होने के लिए अनुशासन और निरंतर अभ्यास बेहद जरूरी है। उच्च स्तर पर खेलने और जीत हासिल करने के लिए शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक मजबूती भी उतनी ही आवश्यक होती है। श्रेयांश ने यह भी बताया कि चोट के बाद वापसी में डाइट की अहम भूमिका होती है। सही खानपान न केवल शरीर को ठीक करता है, बल्कि आत्मविश्वास भी लौटाता है। उनके अनुभवों ने युवाओं को फिटनेस, फोकस और अनुशासन के महत्व को समझने में मदद की।



# चालीहा महोत्सव पर निकली शोभायात्रा गूंजा जयघोष- जेको चवंदो झूलेलाल...

**रायपुर।** भगवान झूलेलाल की आस्था में 40 दिनों के व्रत के बाद चालीहा महोत्सव के समापन अवसर पर अहमदाबाद से आए संत सांई शेहरा वाले ने सत्संग में चालीहा महोत्सव का महत्व बताया। उन्होंने आगे बताया कि भगवान झूलेलाल की कृपा पाने का सबसे सरल तरीका 40 दिनों का व्रत और पूजा ही है। जो व्रत नहीं रख सकते, वे दीन-दुखियों, पशु-पक्षियों और गोमाता की सेवा से भी भगवान झूलेलाल की कृपा पा सकते हैं। सत्संग के बाद सांई शेहरा वाले की अगवानी में तेलीबांधा के गली नंबर- 3 से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भगवान झूलेलाल के जयघोष से आयोजन स्थल गुंजायमान हुआ। सेवादारी महेश रोहरा, मुकेश थवानी के साथ ही सुभाष बजाज और तनेश आहूजा के मार्गदर्शन में 351 आस की मटकियों और ज्योत के साथ बहराणा साहब संग 500 से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ शोभायात्रा का हिस्सा बनी। इसमें युवाओं की टोली छेज नृत्य करते हुए चल रहे थी। महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं, वे सिंधी लोकगीतों पर नृत्य करती हुई चल रही थीं।



### मरीन ड्राइव में आतिशबाजी और प्रसाद वितरण

महोत्सव के बाद शोभायात्रा में समाज के लोग जय जय झूलेलाल का नारा लगाते, झूले तेरा झंडा अमर और तेरी ज्योत के जयकारों की गूंज के साथ लोग मरीन ड्राइव पहुंचे। जहां वरुण अवतार भगवान झूलेलाल की महाआरती की गई। इसमें शामिल श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेते हुए आस की मटकी और बहराणे साहब का विसर्जन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं में भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा भव्य आतिशबाजी और प्रसाद वितरण से श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के बलराम आहूजा, अजीत कुकरेजा, अमर चंदनानी, मनीष पंजवानी, अनिल लाहौरी, राजू चंदनानी, दीपक, भरत थावानी के साथ गुलशन उदासी ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया।



# ट्रांसजेंडरों के लिए 14 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति द्वारा संचालित साहस प्रोजेक्ट, गरिमा गृह एवं पंजाब नेशनल बैंक के संयुक्त तत्वावधान में 30 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए 14 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने लिए स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकें और समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वेस्ट मैनेजमेंट, साबुन, सर्फ, हैंडवॉश, डिशवॉश, हार्पिक और फिनाइल बनाने की प्रक्रिया साझा की गई।



### कार्यशाला में वेस्ट मैनेजमेंट, साबुन, सर्फ हैंडवॉश, कुकीज बनाने की विधि सीखी

*वहीं कुकिंग के शौकीनों को होममेड कुकीज और बिस्किट बनाने की विधि सिखाई गई। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों में भारी उत्साह देखा गया, जो नई कला को सीखने बेहद उत्साहित रहे। इस पहल से ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ना, आजीविका के नए विकल्प देना और उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उत्पाद निर्माण के साथ-साथ विपणन और बिक्री जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर विशेष सहयोग के लिए सहकारिता महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रिया सिंह उपस्थित रहीं।*

## उन्नत भारत अभियान : जैविक खेती, स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल प्रबंधन की दी जानकारी

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में ओरिएंटेशन कार्यक्रम**

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की यूबीए सहयोगी संस्थाओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में संस्थान के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव ने कहा कि राष्ट्रीय योजनाओं को सहयोग देना हमारी जिम्मेदारी है और हमें विशेष रूप से जैविक खेती, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल प्रबंधन जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। डॉ. सुधाकर पांडे ने अपने उद्बोधन में बताया कि उन्नत भारत अभियान गांवों में सर्वेक्षण कर वास्तविक समस्याओं जैसे जल स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि की पहचान करता है। ऐसे में उनके समाधान के लिए विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से सहयोग प्रदान करता है। डॉ. गोवर्धन भट्ट ने कहा कि उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गांवों को कई प्रकार का सहयोग दिया गया है और कोविडकाल के दौरान भी क्लब ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। यह आयोजन चार सत्र में आयोजित किया गया।

कंकालीपारा नवभारत चौक सांस्कृतिक गणेशोत्सव समिति के सदस्यों ने साझा की गणेशोत्सव की पुरानी यादें

# 53 साल पहले 21 रुपए में खरीदी थी गणेश प्रतिमा, 60 रुपए जुटाया चंदा, प्रसाद में बांटा खीरा-इलायचीदाना

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** कंकालीपारा नवभारत चौक सांस्कृतिक गणेशोत्सव समिति वर्ष 2025 में अपनी समिति की स्वर्ण जयंती मना रही है। 1973 में शुरू हुई गणेश प्रतिमा स्थापना का यह सिलसिला आज 53वां वर्ष पूरा कर लिया है। संस्थापक सदस्य 64 वर्षीय आनंद तंबोली ने समिति से जुड़ी 53 साल पुरानी यादें हरिभूमि टीम के साथ साझा करते हुए बताया कि 1973 में परिवार के सदस्यों व मोहल्ले के 5-6 दोस्तों के साथ मिलकर कंकालीपारा नवभारत चौक सांस्कृतिक गणेशोत्सव समिति की शुरुआत की थी। पहली बार गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए 60 रुपए चंदा जुटाया। फिर 21 रुपए में तीन फीट की गणेश प्रतिमा सत्तीबाजार से खरीदकर लाया। इसे कंकालीपारा नवभारत चौक के पास एक घर के बैठक हॉल में स्थापित किया। तब गणेश पंडालों का चलन नहीं था। चौक-चौराहों के पास के घरों के बैठक हॉल में ही ज्यादातर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती थीं। गणेश प्रतिमा के दर्शन करने पहुंचने वाले भक्तों को प्रसाद में खीरा, इलायचीदाना और मूंगफली बांटी जाती थी।



### 1987 में भव्य प्रतिमा स्थापना का नया प्रयोग

*1975 से 1980 के दौर में गणेश प्रतिमाओं के साथ-साथ हाथों से चलाई जाने वाली श्रीराम-सीता, श्रीकृष्ण, शिवजी की बड़ी-बड़ी झांकियों का चलन शुरू हुआ। तब तक गणेश प्रतिमाएं झांकियों में बनीं प्रतिमाओं के मुकाबले बहुत छोटी होती थीं। ऐसे में पहली बार 1987 में शहर में 11 सौ रुपए में 11 फीट की गणेश प्रतिमा ग्राम अंजोरा के मूर्तिकारों से बनवाकर लाए थे। भव्य गणेश प्रतिमा स्थापना में यह पहला नया प्रयोग हुआ। वर्तमान में समिति ने 3 लाख रुपए तक की भव्य गणेश प्रतिमा स्थापित की है।*

### मोतीबाग में करते थे समिति की बैठक

समिति के संस्थापक सदस्य आनंद तंबोली ने आगे बताया कि समिति के संचालक सदस्यों में किशन तंबोली, मोहन तंबोली, महेंद्र पंसारी प्रमुख हैं। हर साल जैसे ही गणेश चतुर्थी नजदीज आती, शहर के मोतीबाग गार्डन में समिति की बैठक होती और गणेश प्रतिमा स्थापना की रूपरेखा बनती। आज 53 वर्षों में समिति की यात्रा को देखते हैं तो मन में वही उत्साह व श्रद्धा बरकरार है। कल और आज में काफी फर्क आया है। गणेशोत्सव स्थापना के स्वरूप में बहुत नवाचार हो चुका है। समिति में नए ऊर्जावान सदस्यों की भागीदारी बढ़ गई है।



# पीएससी ने थमा दी सूची, लेकिन व्यापम तय नहीं कर पा रहा-कौन से रंग हल्के?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



व्यापम और प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो रहे अभ्यर्थियों के मध्य रंगों को लेकर तकरार थमने का नाम ही नहीं ले रही है। व्यापम की परीक्षाओं में नए नियम लागू किए जाने के बाद से लेकर अब तक आयोजित होने वाली प्रत्येक परीक्षा में कपड़ों के रंगों को लेकर हंगामे का रिकॉर्ड रहा है। इस बीच व्यापम द्वारा 31 अगस्त को आयोजित होने वाली मुद्रण विभाग भर्ती परीक्षा के लिए बैठक आयोजित कर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पूर्ववर्ती परीक्षाओं की तरह अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वे परीक्षा में हल्के रंग के कपड़े ही पहनें। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि कौन से रंगों को हल्के रंग में शामिल किया जाएगा और किसे नहीं। इस बिंदु को लेकर ही अधिकतर परीक्षा केंद्रों में विवाद की स्थिति निर्मित होती रही है। व्यापम के उलट पीएससी ने रंगों की सूची ही अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। बिलासपुर में हाईटेक नकल प्रकरण सामने आने के बाद व्यापम ने नीट की तर्ज पर ड्रेस कोड लागू किए थे। इसके कुछ दिनों बाद छग लोक सेवा आयोग ने भी नियमों में संशोधन करते हुए स्वयं द्वारा आयोजित प्रत्येक परीक्षा के लिए ड्रेस कोड तय कर दिए थे। पीएससी ने अपनी सूचना में यह स्पष्ट रूप से उन रंगों का जिक्र किया है, जिन्हें नहीं पहना जाना है। वहीं व्यापम ने केवल हल्के रंग के कपड़े पहनने की हिदायत दी है।

### 19 पदों के लिए 14 हजार आवेदन

*व्यापम को मुद्रण विभाग भर्ती परीक्षा के लिए लगभग 14000 आवेदन मिले हैं। इसके लिए प्रदेश में 50 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 13 परीक्षा केंद्र रायपुर में हैं। रायपुर के अलावा बिलासपुर और दुर्ग जिले में यह भर्ती परीक्षा होगी। गौरतलब है कि इस परीक्षा के माध्यम से मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग रायपुर के अंतर्गत समूह डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, आग्जिलरी इंकमैन/इकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य एवं हेल्पर की भर्ती की जाएगी।*

### कान में सभी प्रकार के आभूषण वर्जित

*रविवार को होने वाली परीक्षा को लेकर कलेक्ट्रट सभागार में नोडल अधिकारी नवीन ठाकुर ने बैठक ली। उन्होंने सभी केंद्रों में दीवार घड़ी लगाने निर्देशित किया। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि यह परीक्षा प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ हो रही है, अतः मुख्य द्वार प्रातः 10.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। परीक्षा में चप्पल पहनने कहा गया है। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। बैठक में सहायक नोडल अधिकारी केदार पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।*

## पेज 11 के शेष

### चाल-चलन देख...

पांच वर्ष पूर्व एनडीपीएस एक्ट के आरोप में जेल जाने के बाद पिंदर रायपुर छोड़ कर पंजाब लौट गया। पंजाब जाने के बाद पिंदर वहीं से बैठकर रायपुर सहित प्रदेश के अलग-अलग शहरों में ड्रग भेजने का काम कर रहा था। रायपुर में रहने के दौरान पिंदर राजनीतिक दल से जुड़े एक नेता के संपर्क में आ गया। इसके बाद से उसको उस नेता के माध्यम से प्रोटेक्शन मिलने लगा। इसका फायदा उठाकर पिंदर ने राजधानी में ड्रग रैकेट का एक बड़ा नेटवर्क तैयार कर लिया।
**सामाज के लोगों से संपर्क टूटाः** पिंदर को जानने वाले लोगों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पिंदर के ड्रग कारोबार से आहत समाज के लोगों ने पिंदर तथा उसके परिवार से दूरी बना ली है। पिंदर के परिवार के लोगों को किसी भी तरह की सामाजिक गतिविधियों में नहीं बुलाए जाने की जानकारी मिली है। बेटे की गलतियों की वजह से उसका पिता समाज से अलग-थलग हो गया है।

### पाक-साफ बताने...

के बारे में जानकारी जुटाई। ड्रग तस्करों के बारे में जानकारी जुटाने के बाद पिंदर उन पर निगाह रखने लगा। तस्कर जैसे ही पंजाब तथा अन्य जगह से ड्रग या अन्य मादक पदार्थ मंगाते, वह इसकी सूचना पुलिस को दे देता था। इससे वह पुलिस की नजरों में मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले योद्धा के रूप में स्थापित हो गया। स्थानीय स्तर के ड्रग कारोबार करने वालों के पकड़े जाने पर वह स्वयं ड्रग का कारोबार करने लगा।

### बगैर परीक्षा...

भी कई विभागों में सीटें रिक्त रह गई हैं। स्थिति को देखते हुए अब यहां प्रवेश परीक्षाओं के बगैर ही छात्रों को दाखिले दिए जाएंगे। अध्ययनशाला सहित महाविद्यालयों की रिक्त रह गई सीटें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर आवंटित होंगी।

## पेज 13 के शेष

### त्योहारी भीड़ संभालेंगी...

इस बार 12,000 से अधिक ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई है। इसमें से 21 सितंबर से 30 नवंबर 2025 तक कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन होगा, जिनसे यात्रियों को 2024 अतिरिक्त फेरे (ट्रिप्स) मिलेंगे।पूजा स्पेशल ट्रेनों की इस श्रृंखला में दक्षिण मध्य रेलवे सबसे आगे है, जहां से 48 ट्रेनें चलेंगी और 684 ट्रिप्स पूरे करेंगी। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 14 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जो पटना, गया, दरभंगा और मुजफ्फरपुर जैसे बिहार के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। वहीं पूर्व रेलवे कोलकाता, सियालदह और हावड़ा जैसे भीड़भाड़ वाले स्टेशनों से 24 विशेष ट्रेनें चलाएगा, जिनसे 198 ट्रिप्स होंगे।पश्चिम रेलवे ने मुंबई, सूरत और वडोदरा से 24 स्पेशल ट्रेनें घोषित की हैं, जो 204 ट्रिप्स पूरे करेंगी।

### स्कूली छात्रों को...

करना है। एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्राचार्य और काउंसलर्स शामिल होंगे। इस अभियान के जरिए मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाव की रणनीतियां तैयार की जाएंगी। शिक्षकों और काउंसलर्स की भूमिका को सशक्त करने, नशा-रहित स्कूल समुदायों का निर्माण जैसी व्यवस्थाएं भी होंगी।

# 10 साल तक बिल्डर पानी की व्यवस्था करेगा तब दी जाए नई कालोनी विकास की अनुमति : मीनल चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में ऐसी कई नई कालोनियां विकसित हुई हैं, जहां पानी की समस्या बनी हुई है। इस समस्या को महापौर मीनल चौबे ने गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जब तक बिल्डर आगामी 10 वर्षों तक कालोनी के रहवासियों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं करता, तब तक कालोनी विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में अपर आयुक्त विनोद पांडेय, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभास मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडेय, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर कार्यपालन अभियंता जल नर सिंह फरेन्द्र, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब, सोहन गुप्ता सहित जोन 9 जल विभाग के उपअभियंता भी उपस्थित रहे।



### अविनाश कैपिटल होम्स कालोनी में जलसंकट की समस्या के बाद महापौर ने दिए निर्देश

शहर के सड्डू क्षेत्र में बनी अविनाश कैपिटल होम्स कालोनी 1 एवं 2 में जल संकट की समस्या बनी हुई है। इन कालोनियों में रहने वाले लोगों की इस संबंध में नगर निगम में शिकायत भी आई थी। इसे देखते हुए महापौर ने शुक्रवार को अपने चैंबर में नगर निवेश विभाग के अभियंताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में बिल्डर्स आनंद सिंघानिया, रवि फतनानी, नत्थानी, राजपाल को भी बुलाया गया था। इस दौरान महापौर ने सड्डू अविनाश कैपिटल होम्स 1 एवं 2 से संबंधित बिल्डर्स और क्रेता रहवासियों के बीच हुए अनुबंध की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि दोनों कालोनी के रहवासी पानी समस्या से परेशान हैं। इस पर इन दोनों कालोनी के बिल्डर्स ने जानकारी दी कि फ्लैट मकान बेचते समय क्रेता रहवासियों से अनुबंध किया है, जिसमें जलसंकट की स्थिति होने पर रहवासियों द्वारा स्वयं के व्यय से जल की व्यवस्था करने का उल्लेख है।

### पूर्व सीएम बघेल ने किया मनतृप्त का सम्मान



रायपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति रोवर रेंजर पुरस्कार प्राप्त मनतृप्त कौर संधू का राजीव भवन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शॉल, बुके भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया। इस दौरान मनतृप्त के पिता गुरजीत सिंह संधू भी मौजूद रहे।

**बिजनेस साइट**

## थीमैटिक म्यूचुअल फंडों के साथ मैक्रो ट्रेंड्स का लाभ उठाएं

**रायपुर।** जब हम इक्विटी निवेश के बारे में सोचते हैं, तो हम आमतौर पर स्थिर नकदी प्रवाह, उच्च प्रबंधन क्वालिटी और एक विश्वसनीय ब्रांड वाले मौलिक रूप से मजबूत बिजनेसेज की पहचान करने के बारे में सोचते हैं। यह अनिवार्य रूप से बॉटम-अप रिसर्च है। लेकिन निवेश जितना बॉटम-अप एनालिससि के बारे में है, उतना ही टॉप-डाउन रिसर्च के बारे में भी है। टॉप-डाउन रिसर्च व्यापक आर्थिक और बाजार स्थितियों पर विचार करता है। जीडीपी वृद्धि, ब्याज दर चक्र, मुद्रास्फीति, एक्सचेंज रेट, वैश्विक विकास परिवेश और नीति दिशा जैसे मैक्रो और अलग अलग रुझानों को समझने से निवेशकों को यह पहचानने में मदद मिलती है कि किन सेक्टर्स के अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना है और किन क्षेत्रों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, उच्च ब्याज दरें आमतौर पर बैंकों के लिए अच्छी होती हैं, लेकिन ईएमआई महंगी होने से रियल एस्टेट और ऑटो सेक्टर्स पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। या उच्च मुद्रास्फीति उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की मांग को नुकसान पहुंचाती है, लेकिन धातु जैसे कमोडिटी सेक्टर्स को लाभ पहुंचाती है। मुद्रा अवमूल्यन आईटी और फार्मा जैसे एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड सेक्टर्स पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, लेकिन आयात-हैवी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के लिए यह अच्छी खबर नहीं है।



**संदीप संपत झाबक**
डायरेक्टर, झाबक फायनेंसियल सर्विसेज रायपुर

टॉप-डाउन और बॉटम-अप दोनों दृष्टिकोणों को मिलाकर बेहतर निवेश निर्णय लिए जा सकते हैं। एक एफएमसीजी कंपनी के बुनियादी सिद्धांत मजबूत हो सकते हैं, और अपने आप में एक ठोस निवेश हो सकते हैं। लेकिन फिर भी उसे अपने ऑपरेशंस को व्यापक आर्थिक परिवेश में चलाना होगा। अगर खपत में मंदी है, तो सबसे मजबूत एफएमसीजी बिज़नेस भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएगा। ऐसे मामलों में, कंपनी की मजबूतियां प्रतिकूल मैक्रो स्थितियों के कारण कमजोर पड़ सकती हैं, जिससे शेयर की मजबूत रिटर्न देने की क्षमता पर सवालिया निशान लग सकता है। थीमैटिक म्यूचुअल फंड एक टॉप-डाउन निवेश दृष्टिकोण अपनाते हैं। वे मैक्रो रुझानों पर नजर रखते हैं और उन सेक्टर्स की पहचान करते हैं जो इन रुझानों से लाभान्वित हो सकते हैं। फिर फंड मैनेजर उस सेक्टर की उन कंपनियों का चयन करता है जो मौलिक रूप से मजबूत हों और साथ ही उस रुझान से लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में हों। इस प्रकार थीमैटिक फंड पोर्टफोलियो को केवल कंपनी-आधारित बुनियादी सिद्धांतों तक सीमित रखने के बजाय, व्यापक मैक्रोइकोनॉमिक थीम के साथ जोड़ते हैं। निवेशक अपने इक्विटी निवेश के लिए मैक्रो-स्तरीय अवसरों का लाभ उठाने के लिए थीमैटिक फंड में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। जो निवेशक विभिन्न सेक्टर्स और थीमों में उभरते अवसरों का लाभ उठाना चाहते हैं, वे आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ) पर विचार कर सकते हैं। यह फंड ऑफ फंड्स स्कीम, सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स के मिक्स में निवेश करती है, जिससे डायवर्सीफाइड निवेश मिलता है। 30 जुलाई, 2025 तक, इसने एक साल का रिटर्न 8.23 प्रतिशत, तीन साल का सीएजीआर 20.68 प्रतिशत और पांच साल का सीएजीआर 26.08 प्रतिशत रहा है।

## रायपुर मंडल के 17 रेलकर्मी सेवानिवृत्त



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के 17 रेल परिवार सदस्य अगस्त में सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इनमें 11 सामान्य व 6 असामान्य सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल रहे। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में मंडल कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह आयोजित हुआ, जिसमें वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग, सहायक कार्मिक अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा और सहायक मंडल वित्त प्रबंधक सुमित्रा पाल भी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में यांत्रिकी व इंजीनियरिंग विभाग से 3-3, परिचालन से 7, विद्युत से 2, जबकि चिकित्सा व सिग्नल-टेलीकॉम विभाग से 1-1 कर्मचारी रहे।

**Notice**

**Notice u/s 72 of the Indian Partnership Act, 1932**

It is hereby notified that a change has taken place in the constitution of Partnership firm, namely Cosmo Enterprise, Raipur on 01/04/2024 whereby Ms.Kanchan Agrawal has joined the partnership firm as incoming partner on 01/04/2024.

Place: Raipur, Date: 22/06/2024
For, Cosmo Enterprise (Abhishek Garg, Partner)

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित ई.डब्ल्यू.एस. टाईप-I/156 को श्रीमती मालती साहू पति श्री दीपक साहू एवं श्री दीपक साहू पिता श्री नारायण साहू के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 24.07.2019 को लीजडीड (पट्टा- विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती मालती साहू पति श्री दीपक साहू एवं श्री दीपक साहू पिता श्री नारायण साहू निवासीः- मकान नं.- 15/521, बढ़ाईपारा, ठाकुर देव मंदिर के पास, जोरापारा रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को सृष्टि दुबे पिता श्री सुरेन्द्र दुबे निवासीः- ग्राम एवं पोस्ट बेंमचा, थाना व तह. महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः अटल विहार आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित ई.डब्ल्यू.एस. टाईप-I/156 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-17 (बीरगांव) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

दिनांक 29/08/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मधु गुप्ता पति श्री प्रदीप गुप्ता निवासी ग्राम सरोरा द्वारा आवेदित ग्राम सरोरा प.ह.नं. 89 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-17 बीरगांव) स्थित भूमि खसरा नंबर 223/3, 223/8 रकबा क्रमशः 0.0500, 0.1990 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्रमांक /क/वाचक/तह./2024-25 आदेश दिनांक 21/08/2025 के परिपालन में दिनांक 03/09/2025 को समय 01:00 PM बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 89 सरोरा के स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-17 (बीरगांव)

HEALTH TOWN

रामकथा
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

online Booking-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/-
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकापुरी, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि शिंगणापुर
राशि- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

S. Nitin Numerology
For Enhance Your Business
Boost Your Money flow
Unblock Your Potential
Unblock Your business
Clear All Bandhan Dosh
Clear All Graha Black Magic
Received Unlimited Abundance
CHARGED DHOOP
S. Nitin Astrology & Numerology Expert
Grow your Business
www.snitinnumerological.com 7000074769

'औरा' के प्रति जागरूकता अभियान FREE Checkup
www.astrologywithaura.com
कुण्डली व स्वास्थ्य के बेहतर समाधान के लिये 'औरा' को समझना आवश्यक
रत्नों के साथ गहने, सिर्फ गहनों से भी ग्रह व सेहत खराब हो रही
राजेश श्रीवास्तव, 11 ए, रवि नगर, पंडरी, रायपुर (छग) 76919 06755, 76929 51173

क्लीन किचन
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
प्योर वेज थाली (पार्सल) 110/-,160/-, 210/-
रायपुर हॉस्टल
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली LOW CALORY
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
88780 00127, 79998 44943

SHREEJI INN
HOTEL & RESTAURANT
AMPLE NUMBER OF CAR PARKING SPACE - (150+CAR PARK AT A TIME)
FOR SMALL FUNCTIONS
BANQUET HALL CAP : 30-200 PAX
BOOKING NOW +91 9329744444
Ring Road No. 1, infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
93404-44755

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

अंकित बाउण्ड्रीवाल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें
व्ही.आई.पी. रोड, रायपुर, मो. 98279-59655

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

DYNAMO Electric Vehicle
Ride into future with the NEW GENERATION OF TWO-WHEELER
Offer Price 28,000/-
CHAWLA ELECTRIC
जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

# सांसद खेल महोत्सव बनेगा खेल प्रतिभा निखारने का मंच, राष्ट्रीय खेलों की राह होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण युवाओं की छिपी खेल प्रतिभा को निखारने अब विकासखंड स्तर पर खेल आयोजन किए जाएंगे। इन आयोजनों के जरिए गांव-गांव से उभरते खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकेंगे और खेलों में करियर बनाने की राह आसान कर पाएंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री साव ने रायपुर प्रीमियर लीग की घोषणा की। वहीं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि 'फिट इंडिया' अभियान के तहत 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक सांसद खेल महोत्सव का आयोजन होगा। इन प्रतियोगिताओं से प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को पहचान और अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची जारी की जाएगी और खेल अलंकरण समारोह भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और पहचान मिल सके। उन्होंने ऑडिटोरियम में मौजूद सभी लोगों को फिट रहने के लिए मैदान पर जाकर खेल खेलने और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई। श्री साव और अन्य अतिथियों ने राज्य में खेल आयोजनों, खेल अलंकरण, युवा महोत्सव, खेल की सुविधाओं तथा खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।




- अब हर संभाग में गूंजेगी प्रीमियर लीग की हुंकार, रायपुर से होगी शानदार शुरुआत
- फिट इंडिया के तहत 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक होगा सांसद खेल महोत्सव, 10 हजार खिलाड़ियों को मिलेगा मंच

### सांसद खेल महोत्सव में होंगे 12 खेल

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलना जरूरी है। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों के बच्चों को मैदान में खेलने के लिए उतरने को कहा। 'फिट इंडिया' मुहिम के तहत सभी सांसदों को खेलों का आयोजन करना है। वे इस आयोजन में रायपुर और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के दस हजार खिलाड़ियों को शामिल करने जा रहे हैं। इसके तहत 12 खेल होंगे। विकासखंड स्तर पर होने वाले इन आयोजनों में स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 'सांसद खेल महोत्सव का लोगो भी जारी किया गया।

### सभी संभागीय मुख्यालयों में होगा

प्रीमियर लीगरायपुर प्रीमियर लीग के तहत विभिन्न खेलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल रायपुर ही नहीं, बल्कि सभी संभागीय मुख्यालयों में प्रीमियर लीग के आयोजन के प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने आगे बताया कि आने वाले समय में स्कूलों और छात्रावासों के साथ समन्वय बनाकर खिलाड़ियों की प्रतिभा को और निखारा जाएगा, ताकि निचले स्तर से ही खिलाड़ियों को तैयार कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जा सके।

### मंच से चार खिलाड़ियों को बनाया स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसडर

उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद चार प्रसिद्ध खिलाड़ियों को स्वच्छता के लिए रायपुर नगर निगम का ब्रांड एम्बैसडर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी रायपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लोगों को प्रेरित कर जनसहभागिता बढ़ाएंगे। मंच पर मौजूद अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेयांश जायसवाल, फुटबाल खिलाड़ी सुश्री किरण पिस्दा और आईपीएल क्रिकेटर शशांक सिंह ने उप मुख्यमंत्री के अनुरोध पर ब्रांड एम्बैसडर बनने के लिए अपनी सहमति प्रदान की।

## निधन

### राजेश भाई ढोलकिया



रायपुर। सदरबाजार सद्दानी चौक निवासी राजेश भाई ढोलकिया (65) का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अगस्त को सुबह 9 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे नितिन भाई ढोलकिया व जयेश भाई ढोलकिया के भाई, सागर, साकेत एवं दिव्या आनंदपारा के पिता थे।

### चंद्रभान मिश्रा



रायपुर। विवेकानंद आश्रम मंगल बाजार निवासी चंद्रभान मिश्रा तेदो-बिपतरा वाले का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे विकास मिश्रा, विभा, वसुधा एवं नीलू के पिता थे।

### छाया बांठिया



रायपुर। मानक विला सिविल लाइंस निवासी छाया बांठिया का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 11.30 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रतीक बांठिया एवं स्मृति सोलंकी की माता थीं।

### आरजेड गड़पाण्डे



रायपुर। नूतन स्कूल के पास टिकरापारा निवासी आरजेड गड़पाण्डे का 28 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे मनीष बौद्ध के पिता थे।

### डॉ. सैयद शकूर अली



रायपुर। पुरानी बस्ती अमीन पारा मदार बाड़ा निवासी डॉ. सैयद शकूर अली (90) का निधन हो गया। उन्हें 29 अगस्त को मुस्लिम कब्रिस्तान अमीनपारा में सुपुर्दे खाक किया गया। वे सैय्यद शाकिर अली व सैय्यद साबिर अली के पिता और सैयद जाफर अली के मामा थे।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे समेत दूसरे जोन में चलेगा रेलवे का अधोसंरचना विकास कार्य

# सितंबर में बदलेगा समीकरण, 10 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित, 8 ट्रेनें 2 से 6 घंटे देर से होंगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

देश के विभिन्न रेल मंडलों और जोन में अधोसंरचना विकास का कार्य सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इसके कारण रायपुर से महानगरों की ओर जाने वाली कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है, वहीं कुछ ट्रेनों को रद्द भी करना पड़ा है।

पूर्वी तटीय रेलवे के अंतर्गत सम्बलपुर स्टेशन में यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही रायगढ़ रेलवे स्टेशन को चौथी रेल लाइन से जोड़ने का काम भी 31 अगस्त से 15 सितंबर तक किया जाएगा। रेलवे का कहना है कि इन विकास कार्यों से नेटवर्क को मजबूती मिलेगी, लेकिन इस अवधि में ट्रेनें रद्द और डायवर्ट होने से यात्रियों को असुविधा और परेशानी झेलनी पड़ेगी।

### देर से रवाना होने वाली ट्रेन



2 सितम्बर को पूरी से चलने वाली 18477 पूरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 06 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।
3 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-मुंबई दुरन्तो एक्सप्रेस 06 घंटे देरी से रवाना होगी।
3 सितम्बर को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 04 घंटे देरी से रवाना होगी।
3 सितम्बर को पूरी से चलने वाली 20472 पूरी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस 03 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।
3 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस 06 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।
2 सितम्बर को सिकन्दराबाद से चलने वाली 17007 सिकन्दराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 02 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।
2 सितम्बर को इंदौर से चलने वाली 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस 06 घंटे 30 मिनिट देरी से रवाना होगी।

### कोरबा- गेवरा रोड-कोरबा के मध्य निरस्त रहेगी ट्रेन

- 30 एवं 31 अगस्त 2025 को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू कोरबा स्टेशन में समाप्त होगी व कोरबा-गेवरारोड के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 30 एवं 31 अगस्त 2025 को गेवरारोड से चलने वाली गाड़ी संख्या 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू कोरबा स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा गेवरारोड-कोरबा के मध्य रद्द रहेगी।
- 30 एवं 31 अगस्त 2025 को रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू कोरबा स्टेशन में समाप्त होगी तथा कोरबा-गेवरारोड के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 31 अगस्त एवं 01 सितम्बर 2025 को गेवरारोड से चलने वाली गाड़ी संख्या 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू कोरबा स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा गेवरारोड-कोरबा के मध्य रद्द रहेगी।

### यह ट्रेन दूसरे मार्ग से चलेगी

- 1 सितम्बर को 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल - भुवनेश्वर एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।
- 1 सितम्बर को 12880 भुवनेश्वर - लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
- 1 सितम्बर को 12865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल – पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।
- 1 सितम्बर को 22866 पुरी- लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
-1 सितम्बर 20471लालगढ़ - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।
- 1 सितम्बर 20472 पुरी – लालगढ़ एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
- 1 सितम्बर 20813 पुरी – जोधपुर एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
- 1 सितम्बर 20814 जोधपुर - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।
- 1 सितम्बर 20807 विशाखापत्तनम -अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर चलेगी।
- 1 सितम्बर 20808 अमृतसर - विशाखापत्तनम हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।

# शादी करने का झांसा देकर महिला से रेप पास्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पति के साथ विवाद होने की जानकारी मिलने पर महिला को लिया झांसे में
- महिला का आरोप- पास्टर एक साल से शादी करने का झांसा देकर उसके साथ कर रहा था रेप

टिकरापारा थाने की पुलिस ने महिला की शिकायत पर एक चर्च के पास्टर को रेप के आरोप में गिरफ्तार किया है। पास्टर पर आरोप है कि उसने महिला का अपने पति के साथ विवाद होने की जानकारी मिलने पर अपने झांसे में लिया और उसे शादी करने का झांसा देकर पिछले एक वर्ष से रेप कर रहा था।

पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय महिला की शिकायत पर पुलिस ने हिमांशु सागर को गिरफ्तार किया है। महिला ने पुलिस को बताया है कि पास्टर उसे शादी करने का झांसा देकर वर्ष 2024 से रेप कर रहा है। महिला के अनुसार महावीर नगर निवासी पास्टर से उसकी पहचान अगस्त 2024 से हुई है। पहचान होने के बाद महिला ने बातों ही बातों में पास्टर को अपने पति के साथ विवाद होने की जानकारी दी। इसका फायदा उठाकर पास्टर ने महिला को अपने झांसे में लेकर शादी करने का प्रस्ताव दिया। पास्टर ने महिला को कहा कि वह अगर अपने पति से तलाक ले लेती है, तो वह उससे जल्द शादी करने तैयार है। इसके बाद पास्टर ने महिला को अलग-अलग जगह पर ले जाकर उसके साथ रेप किया। पास्टर पर महिला जब भी शादी करने दबाव बनाती, पास्टर गोल मोल जवाब देता था। इस दौरान महिला को पास्टर के पहले से विवाहित होने की जानकारी मिली।

इस पर महिला ने पास्टर के खिलाफ थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई। पास्टर शहर के कई इलाकों में घूम घूमकर प्रार्थना सभा भी आयोजित करता था।

### चक्रधर समारोह में स्थानीय की उपेक्षा, फूंका पुतला



**रायपुर।** रायगढ़ के चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों और कवियों की हो रही उपेक्षा को लेकर आम आदमी पार्टी ने सरकार को घेरा। प्रदेश के कई जिलों में पुतला दहन किया गया। इसी कड़ी में रायपुर नगर निगम के सामने मंत्री ओपी चौधरी और कवि कुमार विश्वास का पुतला दहन आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया। प्रदेश महासचिव सूरज उपाध्याय ने कहा, चक्रधर समारोह राजनीतिक दिखावा रह गया है। विश्व के कोने-कोने में छत्तीसगढ़ की पहचान दिलाने वाले पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे की विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की थी। छत्तीसगढ़ में अनेक कवि और लोक कलाकार हैं जो सुरेंद्र दुबे की ही तरह प्रतिभावान हैं।

# कार्रवाई के बावजूद पुलिस को चुनौती दे रहे गांजा तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- कोतवाली पुलिस ने गांजा बेचने वाले आधा दर्जन को दबोचा
- नेहरू नगर में हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया के गुर्गे बेच रहे गांजा

मादक पदार्थ की खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस जहां सख्ती कर रही है, वहीं वे पुलिस को चुनौती देते हुए गली मोहल्लों में गांजा की अवैध खरीदी बिक्री धड़ल्ले से कर रहे हैं। मादक पदार्थ की खरीदी बिक्री करने वालों के खिलाफ आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर पांच जिलों में ताबड़तोड़ छापे की कार्रवाई की गई। कार्रवाई समाप्त होने के साथ ही गुरुवार देर रात कोतवाली पुलिस ने गांधी नगर में रवि साहू के छह गुर्गों को ढाई किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने अब्दुल फारुख, रिषभ साहू, मोहम्मद साहिल, कृष्णा साहू, विक्रम बघेल, अकाश बराई, मोहम्मद अकबर खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी को छोटे-छोटे प्लास्टिक के पैकेट में गांजा भरते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है।

### जेल में बंद मुकेश बनिया के गुर्गे बेच रहे गांजा

स्थानीय रहवासियों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में जेल में बंद हिट्रीशीटर मुकेश बनिया जेल में बैठकर अपने क्षेत्र में गांजा बिकवा रहा है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार नेहरू नगर में मुकेश के गुर्गे गांजा बेचने का काम कर रहे हैं। एनडीपीएस तथा मारपीट के मामले में मुकेश बनिया के जेल जाने के बाद पुलिस क्षेत्र में गांजा खरीदी बिक्री बंद होने का दावा कर रही है। बावजूद इसके क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गांजा खरीदी-बिक्री की जा रही है।

# झारखंड से गिरफ्तार ओम साईं बेवरेज के डायरेक्टर को ईओडब्लू ने कोर्ट में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झारखंड, रांची से गिरफ्तार ओम साईं बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अतुल सिंह तथा मुकेश मनचंदा को ईओडब्लू, एसीबी ने स्पेशल कोर्ट में पेश किया। छत्तीसगढ़ में हुए करोड़ों के शराब घोटाला के संबंध में पूछताछ करने ईओडब्लू, एसीबी के आवेदन पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों की पांच सितंबर तक पुलिस रिमांड स्वीकृत की है। दोनों आरोपी झारखंड में हुए शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद थे। ओम साईं ब्रेवरेज के दोनों डायरेक्टर को जमानत मिलने के बाद ईओडब्लू, एसीबी ने गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की रिमांड हासिल करने ईओडब्लू, एसीबी के वकील ने कोर्ट में तर्क पेश करते हुए कहा कि ओम साईं ब्रेवरेज के डायरेक्टर को सिंडीकेट के अनवर ढेबर तथा विकास अग्रवाल के सहयोग से एफएल 10-ए लाइसेंस प्राप्त हुआ था। विवेचना में पाए गए तथ्यों के अनुसार वर्ष 2020-2023 के दौरान लगभग 68 करोड़ रुपए ओम साईं ब्रेवरेज को फायदा हुआ, जिसमें लगभग 41 करोड़ रुपए सिंडीकेट को दिया गया। शेष लगभग 27 करोड़ रुपए ओम साईं ब्रेवरेज को प्राप्त हुआ। इस आय में से 52 प्रतिशत हिस्सा राजनीतिक व्यक्ति विजय भाटिया को दिया गया। इस मामले में विजय भाटिया की गिरफ्तारी कर विवेचना के बाद 26 अगस्त को न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है।

- गिरफ्तार डायरेक्टर अतुल सिंह, मुकेश मनचंदा से पूछताछ करने पांच सितंबर तक रिमांड



### पूछताछ करने रिमांड

ईओडब्लू के वकील ने दोनों आरोपियों से पूछताछ करने रिमांड लेने का कारण बताते हुए कहा कि अतुल तथा मनचंदा से आलोच्य अवधि में एफएल 10-ए लाइसेंस प्राप्त होने के कारणों, ओम साईं ब्रेवरेज से जुड़ी हुई कंपनियों की जानकारी, कंपनी को प्राप्त आय व्यय के विषय में जानकारी तथा आय की रकम से किए गए निवेश संबंधी जानकारी के संबंध में पूछताछ करने कोर्ट से पुलिस रिमांड देने मांग की थी।

### आबकारी मंत्री ने लांच किए चार नए साफ्टवेयर

**रायपुर।** आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने शुक्रवार को आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान चार नवीन साफ्टवेयर लांच किया। इनमें आईओएस मनपसंद मोबाइल एप्लिकेशन, सैलरी केलकुलेशन, वेब एप्लिकेशन सेव सुविधा मोबाइल एप्लिकेशन, टोल फ्री एप्लिकेशन शामिल है। इस अवसर पर आबकारी सचिव आर. संगीता एवं आबकारी विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित थे।

*ये हैं चार नवीन सॉफ्टवेयर : आईओएस मनपसंद मोबाइल एप्लिकेशन - पूर्णतया तैयार कर लिया गया है। आईओएस. मनपसद मोबाइल एप्लिकेशन को एप्पल स्टोर में होस्ट करने के लिए एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए एनआईसी की ओर प्रेषित कर दिया गया है।*

## बिजनेस साइट

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैट्स यूनिवर्सिटी में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी के पंडरी व आरंग परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल एवं योग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में योग, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, फुटबॉल और रस्साकशी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। योग प्रतियोगिता में संजू साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में फोरेंसिक साइंस विभाग और फुटबॉल में इंजीनियरिंग विभाग विजेता रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. केपी यादव ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर आया।

# रायपुर में 'सूत्रा' फैशन एग्जीबिशन का भव्य आगाज, पहले दिन उमड़ी भारी भीड़



**रायपुर।** शहर के बेबीलॉन इंटरनेशनल में शुक्रवार से शुरू हुए 'सूत्रा' वेडिंग एंड फेस्टिव फैशन एग्जीबिशन ने पहले ही दिन शहरवासियों का दिल जीत लिया। तीन दिवसीय इस आयोजन में पहले दिन से ही जबरदस्त भीड़ देखने को मिली, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय बन गया। प्रदर्शनी में देशभर से आए 90 से अधिक डिजाइनर्स के कलेक्शन पेश किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि 'अफोर्डेबल लग्जरी' की थीम पर आधारित परिधानों की रेंज 15,000 रुपए से कम में उपलब्ध है। यहां त्योहारों और शादियों के लिए नए ट्रेंड्स की भरपूर झलक देखने को मिल रही है। प्रदर्शनी में भाग ले रहे डिजाइनर्स जैसे आलंकृत और बॉबी क्रिएशन ने भी इस उत्साह पर खुशी जताई। स्टॉल्स पर लोग डिजाइनर्स से सीधे बात कर रहे थे और उनके क्रिएशन्स के बारे में जानने की उत्सुकता दिखा रहे थे। यह फैशन, लाइफस्टाइल और कला का एक अनूठा संगम है, जो डिजाइनर और ग्राहकों के बीच एक सीधा और गहरा रिश्ता कायम करता है।

- सुशासन तिहार में बिरगांव निगम के 40 वार्डों से मिली 15 सौ अर्जी, इसमें आधे हितग्राहियों को मंजूरी

# जमीन होने के बाद भी नहीं बना पाए मकान, ऐसे 750 परिवार बनाएंगे आशियाना, अब मिलेंगे 2.82 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम के सभी 40 वार्ड मजदूर बहुल हैं। रोजी-रोटी कमाते हुए जिन लोगों ने किसी तरह से जमीन खरीद ली है, ऐसे लोगों को अब अपना आशियाना बनाने का अवसर मिलने वाला है। इसके लिए कुछ महीने पहले ही शासन ने सुशासन तिहार की कड़ी में वार्डों में शिविर लगाकर आवेदन लिया था। इसके लिए 750 लोगों को प्रति व्यक्ति मकान निर्माण करने 2.82 लाख रुपए मिलेंगे। सरकार ने इसके लिए वित्तीय मंजूरी दी है। मुहिम को तेज करते हुए निगम के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण शुरू किया है।

बिरगांव निगम के सभी 40 वार्डों से सुशासन तिहार में 1500 हितग्राहियों ने छत्तीसगढ़ शासन की बेनेफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। इसकी जांच करने के बाद निगम के जिम्मेदारों ने महापौर नंदलाल देवांगन और लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष इकराम अहमद के निर्देश पर सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुविधा का लाभ दिलाने प्रक्रिया की थी। इनमें से 750 आवेदकों को आर्थिक सहायता देते हुए अपना आशियाना बनाने के लिए सहमति दी है। इससे बरसात के बाद लोगों को अपना खुद का पक्का मकान बनवाने का अवसर मिलने वाला है। इससे पहले लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स की टीम ने आवेदकों की जमीन और दस्तावेजी जांच की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें अभी तक 547 आवेदकों द्वारा जिस क्षेत्र में जमीन बताई गई है, उसकी वस्तुस्थिति देखने के लिए टीम सर्वे कर रही है।




*पीडब्ल्यूडी के अधिकारी करेंगे मॉनिटरिंग : शहरी क्षेत्र के ऐसे हितग्राहियों को बीएलसी योजना में शामिल किया गया है, जिनके पास लगानी जमीन होने के बाद भी वे आर्थिक तंगी के चलते अपना खुद का आशियाना नहीं बनाने की वजह से किराए के मकानों में गुजर बसर करने मजबूर हैं। ऐसे 750 आवेदकों को बरसात खत्म होते ही अपना खुद का पक्का मकान बनाने के लिए प्रति हितग्राहि दो लाख 82 हजार रुपए मिलेंगे। फंड जारी करने के बाद निगम के लोक निर्माण विभाग की टीम समय-समय पर निर्माण की मॉनीटरिंग करेगी। काम पूरा होने के बाद सरकार को उसकी जानकारी ऑनलाइन अपडेट करेगी। इसके तहत ही हितग्राहियों को फंड जारी किया जाएगा। समय पर काम पूरा करवाने के लिए निगम के अधिकारी वस्तुस्थिति जांचेंगे।*

### इससे पहले निगम ने बनवाए 2496 मकान

निगम से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में अलग-अलग शिविर में प्राप्त आवेदन में पात्र पाए गए 2496 हितग्राहियों को इसके पहले मोर जमीन मोर मकान के तहत आशियाना मिला है। इसके लिए पूर्व में प्रति हितग्राही दो लाख 28 हजार रूपए मिला। बढ़ती महंगाई और निर्माण की लागत के तहत अब बीएलसी योजना के हितग्राहियों को मकान बनाने के लिए दो लाख 82 हजार मिलेगा। निगम सूत्रों ने बताया कि सुशासन तिहार के लिए 2024-25 में 1500 लोगों ने शिविर में दस्तावेज के साथ अर्जी लगाई थी। इनमें से 750 लोगों को ही पहले फेज मंजूरी मिली है। कई लोगों के आवेदन दस्तावेजों के अभाव और पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करने की वजह से अपात्र किया गया है।


छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र
जनप्रिय नेता
प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय जी
के विदेश प्रवास से लौटने पर
हार्दिक अभिनंदन
आपकी जापान और दक्षिण कोरिया की सफल यात्रा छत्तीसगढ़ के विकास में नए आयाम स्थापित करेगी
नंदन जैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़


छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
V से विकास
से विश्वास
विकास भी, विश्वास भी
विष्णु के सुशासन में निवेश का
हब बन रहा छत्तीसगढ़,
प्रदेश में तेजी से हो रहा औद्योगिक विकास,
विदेश से भी आ रहे निवेश,
रोजगार और विकास के खुल रहे नए द्वार
प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय
श्री विष्णुदेव साय जी के
सफल विदेश प्रवास उपरांत
छत्तीसगढ़ आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन !
यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में राज्य की नई औद्योगिक नीति से छत्तीसगढ़ में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और राज्य आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। देश, दुनिया के निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ पसंदीदा राज्य बन चुका है। इन्वेस्टर्स समिट से अब तक 6 लाख 65 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव राज्य को मिल चुके हैं । मुख्यमंत्री जी की जापान एवं दक्षिण कोरिया की यात्रा से राज्य में औद्योगिक विकास और निवेश की गति और बढ़ेगी ।
श्री राजीव अग्रवाल
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
श्री लखन लाल देवांगन
वाणिज्य-उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्य कर (आबकारी), श्रम मंत्री छ.ग.
ATUL PUBLICITY
विनीत : भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़